


दैनिक माधव संदेश
पल-पल की खबर हर पल

**माधव संदेश**
ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं, छापते है
संपर्क करें
9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-184 | इटावा, गुरूवार 03 अगस्त 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


# सीमा-सचिन पर हुई मेहरबानी, दोनों को मिली 1 लाख रुपये महीने की नौकरी

नई दिल्ली । सीमा हैदर और सचिन मीणा की लव स्टोरी अब कमाई का ज?रिया भी बनने जा रही है। दोनों को एक कारोबारी ने 1 लाख रुपये सैलरी पर नौकरी ऑफर की है तो वहीं एक मूवी में काम करने के ?लिए एडवांस चेक देने का ऑफर भी ?मिला है। इतना ही नहीं उनके इंस्टाग्राम व फेसबुक फालोअर भी बढ़ गए हैं, और अब यहां से भी कमाई होने वाली है। गौरतलब है ?कि सीमा और स?चिन का प्यार अब चर्चा का विषय बन गया जिसका आए दिन दोनों का कोई न कोई नया इंटरव्यू वायरल हो रहा है। ऐसे में दोनों के पास एक साथ कई लाटरी हाथ में लगी। ?मिली जानकारी के अनुसार गुजरात के एक कारोबारी ने नौकरी का ऑफर दिया। जिसमें दोनों को पचास-पचास हजार रुपये महीने की सैलरी दी जाएगी। इस खबर को सुनकर आर्थिक संकट से जूझ रहा सीमा-सचिन का परिवार फूले नहीं समा रहा है। बताया जा रहा है ?कि गुजराती कारोबारी ने दरियादिली दिखाते हुए उनकी मदद करने का निर्णय लिया। उन्होंने दोनों को 50-50



हजार रुपये प्रति माह पर नौकरी देने की पेशकश की है। इसके अलावा उन्हें एक मूवी डायरेक्टर अमित जानी ने भी अपनी फिल्म में काम करने का ऑफर दिया है। इतना ही नहीं काम से पहले उन्हें एडवांस में चेक देने को भी तैयार है। सीमा और सचिन की लव स्टोरी अब इतनी फेमस हो चुकी हैं कि उनके इंस्टाग्राम और यूट्यूब चैनल के सब्सक्राइबर्स भी काफी संख्या में बढ गए है। जिससे वहां से भी उनकी कमाई हो सकती है।

बता दें ?कि सीमा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था ?कि पहले मैंने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट प्राइवेट कर रखा था। लेकिन जब मुझे पता चला कि लोग हमारी वीडियो को शेयर कर-करके पैसा कमा रहे हैं तो मैंने खुद का इंस्टाग्राम अकाउंट पब्लिक कर दिया। ताकि हम भी पैसा कमा सके और इससे सचिन के परिवार की भी आर्थिक मदद हो जाएगी। सचिन-सीमा अपना घर छोड़ रबूपुरा के दूसरे घर में रहने को मजबूर हैं। पुलिस केस के कारण उनका परिवार फिलहाल घर से बाहर नहीं निकल सकता। उन्हें तब तक घर में ही रहना होगा जब तक ये केस चलता रहेगा। इससे पहले सचिन के पिता नेत्रपाल मीणा ने वीडियो के जरिए बताया कि पुलिस केस के कारण पूरा परिवार घर में ही रह रहा है। हम लोग रोज कमाकर खाने वाले लोग हैं लेकिन जब से पुलिस ने घर से बाहर न जाने के लिए कहा तब से वे लोग कुछ भी नहीं कमा पा रहे हैं। खाने-पीने के लाले पड़ गए हैं। घर में राशन भी नहीं बचा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बालासोर हादसे के 29 शव लावारिस

भुवनेश्वर। ओडिशा के बालासोर में 2 जून की शाम को ट्रेन हादसा हुआ था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस हादसे में 295 लोगों की मौत हुई थी। घटना के 2 महीने बाद भी 29 शवों की पहचान नहीं हो सकी है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की तरफ से मंगलवार को बताया गया कि इंस्टीट्यूट के पास 162 शव लाए गए थे, जिसमें से 133 शवों की पहचान कर उनके परिजनों को सौंप दिया। एम्स भुवनेश्वर के मेडिकल सुपरिनटैंडैंट दिलिप कुमार परीदा ने बताया कि एम्स भुवनेश्वर को दो चरणों में 162 शव मिले थे। सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी से बचे हुए शवों की आखिरी डीएनए सैंपल रिपोर्ट आने के बाद बचे शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### दुष्कर्मी को मौत की सजा

सूरत। सूरत की सेशन कोर्ट ने बुधवार को 5 महीने पुराने रेप केस का फैसला सुनाया। कोर्ट ने मामले में आरोपी यूसुफ उर्फ इस्माइल को उम्रकैद और फांसी की सजा सुनाई है। इसने पड़ोस में रहने वाली दो साल की बच्ची के साथ रेप करके उसकी हत्या कर दी थी। कोर्ट ने पीड़ित परिवार को 10 लाख का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। इस्माइल बच्ची का पड़ोसी था और वो उसे चाचा कहकर बुलाती थी। 28 फरवरी की शाम आरोपी उसे चॉकलेट दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया।

## हंगामे से नाराज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला कुर्सी पर नहीं बैठे



एजेंसी ■ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन (2 अगस्त को) लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे। वे लोकसभा में विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे से नाराज थे, इसलिए उन्होंने सदन आने से इनकार कर दिया। उनकी जगह आंध्र प्रदेश के राजमपेट से सांसद पीवी मिधुन रेड्डी ने लोकसभा की कार्यवाही संभाली। जानकारी के मुताबिक, ओम बिड़ला तब तक संसद नहीं आएंगे जब तक विपक्ष हंगामा करना बंद नहीं करता। लोकसभा में मंगलवार को दिल्ली ऑर्डिनेंस पेश हुआ था। आज इस पर चर्चा होनी थी, लेकिन इससे पहले ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही 2 बजे तक, फिर 3 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में विपक्षी दलों ने मणिपुर हिंसा पर चर्चा की मांग करते हुए 58 नोटिस दिए, जिन्हें सभापति जगदीप धनखड़ ने अस्वीकार कर दिया। धनखड़ ने कहा कि वे पीएम को सदन में आने का निर्देश नहीं दे सकते। यह पद की शपथ के खिलाफ होगा। ऐसा कभी नहीं हुआ। नाराज विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया।

## कला निर्देशक नितीन देसाई ने की आत्महत्या

संवाददाता ■ मुंबई

मशहूर कला निर्देशक नितिन चंद्रकांत देसाई ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है. वह महज 58 वर्ष के थे. सूत्रों के मुताबिक प्रोडक्शन डिजाइनर कर्जत के अपने स्टूडियो में मृत पाये गये हैं. बताया जा रहा है कि उन्होंने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है. हालांकि उनकी मृत्यु का कारण अभी तक अज्ञात है, लेकिन वित्तीय संकट और कर्ज को प्रसिद्ध कला निर्देशक की आत्महत्या का संभावित कारण माना जा रहा है.



पुलिस सूत्रों के मुताबिक, नितिन देसाई कल रात 10 बजे अपने कमरे में चले गये. आज सुबह वह काफी देर तक बाहर नहीं आये. तभी उनके बॉडी गार्ड और अन्य लोगों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी ने दरवाजा नहीं खोला. नितिन देसाई का शव पंखे से लटका हुआ मिला.

### 370 पर सुप्रीम कोर्ट में पहले दिन की सुनवाई पूरी

## कपिल सिब्बल ने कहा- जम्मू-कश्मीर से 370 को कभी नहीं हटाया जा सकता

एजेंसी ■ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर बुधवार (2 अगस्त) सुप्रीम कोर्ट में पहले दिन की सुनवाई पूरी गई। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच जजों की बेंच में सुनवाई हुई। इनमें जस्टिस एस के कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल रहे। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कपिल सिब्बल से पूछा कि आर्टिकल 370 खुद ही अपने आप में अस्थायी और ट्रांजिशनल है। क्या संविधान सभा के अभाव में संसद 370 को निरस्त नहीं कर सकती? इस पर जवाब देते हुए सिब्बल ने कहा कि संविधान के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर से 370 को कभी हटाया नहीं जा सकता है ।

उन्होंने कोर्ट में दलील दी कि आर्टिकल 370 के मुताबिक, संसद केवल राज्य सरकार के परामर्श से जम्मू-कश्मीर के लिए कानून बना सकती है। 370 को निरस्त करने की शक्ति हमेशा जम्मू-कश्मीर विधायिका के पास है। आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में 3 साल बाद सुनवाई हो रही है। इससे पहले, 2020 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने इस मामले की सुनवाई की थी। तब अदालत ने कहा था कि हम मामला बड़ी संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं।

## झांसी में बनेगा मढ़िया महादेव कॉरिडोर, मुस्लिम युवक ने भेजा नक्शा

**झांसी।** झांसी में जल्दी ही मढिया महादेव कॉरिडोर का निर्माण होगा। यह निर्माण एक मुस्लिम युवक के बनाकर भेजे गए नक्शे के आधार पर बनेगा। गौरतलब है कि काशी स्थित ज्ञानवापी के सर्वे पर अभी बहस ही चल रही है, इसके बीच में झांसी के मढ़िया महादेव कॉरिडोर की चर्चा भी तेज हो गई है। एक तरफ जहां ज्ञानवापी पर दो पक्ष आमने-सामने हैं तो वहीं दूसरी तरफ बढ़िया महादेव कॉरिडोर के लिए एक मुस्लिम युवक ने ही नक्शा बनाकर झांसी के विधायक को भेज दिया जिसकी मदद से यहां वह कॉरिडोर बनवा सकें। विधायक रवि शर्मा ने मीडिया से खास बातचीत में बताया कि साल 2013 में उनके पास कन्नौज जेल से एक चिट्ठी पहुंची। इस चिट्ठी के साथ ही एक नक्शा भी था। नक्शे पर मढ़िया महादेव पर जो भी अतिक्रमण किया गया है उसको दर्शाया गया था। विधायक ने बताया कि कन्नौज जेल में बंद मोहम्मद यूनुस उर्फ बब्लू कमांडर ने वहां उपलब्ध संसाधनों की मदद से मढ़िया महादेव का नक्शा बनाया था। शुरुआत में तो हम लोगों ने सिर्फ एक छोटे से हिस्से को ही अतिक्रमण मुक्त करवाया।

## दूसरे धर्म में शादी के लिए महिलाओं को धोखा देने के मामलों से निपटने के वास्ते एसओपी तैयार की जाएगी: फडणवीस

संवाददाता ■ मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य में पुलिस को उन मामलों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को कहा जाएगा, जिसमें फर्जी पहचान के जरिये महिलाओं को अपने धर्म से बाहर शादी करने के लिए धोखा दिया जाता है। फडणवीस ने औरंगाबाद जिले में 'असामाजिक तत्वों द्वारा बहकाई जा रही हिंदू लड़कियों' पर राज्य विधानसभा में चर्चा के दौरान कहा कि इस मुद्दे पर सभी पुलिस



थानों को संवेदनशील किया जाएगा और यदि उपयुक्त कार्रवाई नहीं की गई तो संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कुछ विधायकों का आरोप है कि असामाजिक तत्वों द्वारा हिंदू लड़कियों को बहकाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक एसओपी तैयार करने को कहेंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई वयस्क महिला अपने धर्म से बाहर शादी करती है, तो कानून तब तक कुछ नहीं कर सकता जब तक कि उसे किसी पुरुष द्वारा फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके धोखा न दिया गया हो। फडणवीस ने कहा कि जैसा कि एक विधायक ने दावा किया है, फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके महिलाओं को ''नशीला पदार्थ देने और शादी का प्रलोभन देने के मामलों की जांच की जायेगी।

## मानहानि केस में राहुल का सुप्रीम कोर्ट में जवाबः कहा- कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ, मुझे अहंकारी कहना सही नहीं

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी ने बुधवार यानी 2 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से मना करने पर मुझे अहंकारी कहा गया। ये निंदनीय है। राहुल ने आगे कहा कि मानहानि केस में उन्हें अधिकतम सजा दी गई है। इसके चलते संसद सदस्यता चली गई। पूर्णेश मोदी खुद मूल रूप से मोदी समाज के नहीं हैं। ऐसे में उन्हें सजा नहीं मिलनी चाहिए।

दरअसल, 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार और सूरत के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी को मामले में जवाब देने के लिए कहा था। इस पर पूर्णेश मोदी ने कोर्ट में 21 पेज का हलफनामा दायर करते हुए कहा कि मोदी सरनेम केस में राहुल का रवैया अहंकारी है। उनकी याचिका खारिज कर देनी चाहिए। राहुल गांधी ने 2019 में मोदी सरनेम को लेकर एक बयान दिया था। इसके खिलाफ भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में सूरत कोर्ट ने राहुल को 2 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी सांसदी चली गई थी।



सजा के खिलाफ राहुल सूरत सेशन कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट भी गए थे, लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने 15 जुलाई को सजा पर रोक लगवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

## यूपी-एमपी समेत 6 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट :- कोलकाता में सड़कें डूबीं, हिमाचल में लैंडस्लाइड से नेशनल हाईवे बंद, उत्तराखंड में मजदूर बहा



अजमेर में भारी बारिश हुई। इसके बाद सड़कें पानी-पानी हो गईं।

एजेंसी ■ नई दिल्ली

यूपी-एमपी समेत 6 राज्यों में अगले चार दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मध्यप्रदेश में चार अगस्त तक तेज बारिश होगी। वहीं उत्तर प्रदेश में 3 से 5 अगस्त तक बारिश की संभावना है। त्रिपुरा में अगले पांच दिन लगातार बारिश हो सकती है। मध्य महाराष्ट्र में भी तीन से चार दिनों के लिए बारिश की संभावना जताई गई है। गुजरात में 4 और 5 अगस्त को तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा तटीय कर्नाटक में 2 से 4 अगस्त तक बारिश होगी। इसके अलावा हिमाचल, हरियाणा, राजस्थान में 2 से 5 अगस्त तक बारिश की आशंका जताई गई है। इधर, कोलकाता में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में सड़कें डूब गई हैं। वहीं, हिमाचल में लैंडस्लाइड होने से मनाली हाईवे को बंद कर दिया गया है। उत्तराखंड में अलकनंदा नदी पर बन रहे पुल का एक हिस्सा टूट कर नदी में गिर गया। इस दौरान पुल पर काम कर रहा एक मजदूर नदी में बह गया। मजदूर की तलाश की जा रही है।

**इन राज्यों में होगी भारी बारिशः** उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य महाराष्ट्र, असम, मेघालय, त्रिपुरा, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर, पूर्वी राजस्थान।

**बारिश की संभावना नहींः** पश्चिमी राजस्थान, सिक्किम, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब।

## ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे पर हाईकोर्ट आज सुनायेगा फैसला

एजेंसी ■ प्रयागराज

धार्मिक राजधानी वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट कल गुरुवार को अपना फैसला सुनाएगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान हिंदू और मुस्लिम पक्षकारों ने अपनी दलीलें पेश की थीं।



कोर्ट के आदेश पर हाजिर हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अतिरिक्त महानिदेशक ने सर्वेक्षण में अपनाई जाने वाली तकनीक से कोर्ट को रूबरू करवाया था। एएसआई ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से ज्ञानवापी की इमारत को खरोंच तक नहीं आएगी। दावें प्रतिदावें के बीच तीन दिन तक चली सुनवाई के बाद 27 जुलाई को फैसला सुरक्षित करते हुए हाईकोर्ट ने सर्वे पर लगी रोक जारी रखने का आदेश दिया था। वाराणसी के जिला जज द्वारा ज्ञानवापी सर्वेक्षण की अनुमति देने वाले आदेश को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद ने सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश पर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मुस्लिम पक्ष की ओर से दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ सुनवाई कर रही है। कोर्ट में दलील देते हुए मुस्लिम पक्ष के वकील एसएफए नकवी ने असमायिक अदालती आदेश के जरिये ज्ञानवापी के वैज्ञानिक सर्वेक्षण से ज्ञानवापी के मूल ढांचे को नुकसान पहुंचनें की आशंका जताई थी।

## हरियाणा हिंसा में 6 मौतें, बजरंग दल-विहिप का प्रदर्शन :- सीएम बोले- पुलिस सबकी सुरक्षा नहीं कर सकती, सुप्रीम कोर्ट बोला- हेट स्पीच ना हो

एजेंसी ■ नूंह

हरियाणा के नूंह (मेवात) में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 2 होमगार्ड गुरसेवक और नीरज, नूंह के भादस गांव का शक्ति, पानीपत का अभिषेक, गुरुग्राम के इमाम और बादशाहपुर के प्रदीप शर्मा शामिल हैं।

नूंह में सोमवार को भड़की हिंसा के दो दिन बाद भी कर्फ्यू जारी है। गुरुग्राम, पलवल जिले में तनाव है। गुरुग्राम पुलिस ने कहा कि छोटे-छोटे ग्रुप हिंसा फैलाने



का काम कर रहे हैं।

नूंह की हिंसा के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली-एनसीआर के 23 इलाकों में रैलियां करने का ऐलान किया। कई इलाकों में प्रदर्शन जारी है। रैलियों को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। अदालत ने सुनवाई करते हुए अधिकारियों को आदेश दिया कि रैलियों के दौरान हेट स्पीच और हिंसा न होने दें। संवेदनशील इलाकों में कैमरे लगाएं और उनके फुटेज सुरक्षित रखें। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस या पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करें।

इधर, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- जिन लोगों ने नुकसान किया है, उन्हीं से भरपाई कराई जाएगी।

हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस, न आर्मी और न समाज कर सकता है। सुरक्षा के लिए वातावरण बनाना पड़ता है। इसके लिए पीस कमेटी, एडमिनिस्ट्रेशन के लोग लगे हैं। पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया है। दंगाइयों में भय बनाना पड़ता है।

### हिंसा का असरः- चार जिलों में इंटरनेट और स्कूल बंद, दो दिन की परीक्षाएं भी स्थगित

- 9 जिलों में धारा 144 लागू- नूंह, गुरुग्राम, पलवल, झज्जर, फरीदाबाद, रेवाड़ी, सोनीपत, पानीपत और महेंद्रगढ़ में धारा 144 लागू है।
- इंटरनेट- नूंह, गुरुग्राम के कुछ हिंसाग्रस्त इलाकों में, पलवल, फरीदाबाद जिले में इंटरनेट और स्स्रू सेवाएं बुधवार को भी बंद रखी गई हैं।
- स्कूल- नूंह,फरीदाबाद, पलवल, गुरुग्राम में बुधवार को स्कूल बंद हैं। हालांकि फरीदाबाद में स्कूल-कॉलेज खोलने का फैसला लिया गया है।
- परीक्षाएं- हरियाणा बोर्ड ने 1, 2 अगस्त की 10वीं व डीएलएड की परीक्षाएं प्रदेशभर में स्थगित कर दी हैं।
- बसें-रेवाड़ी डिपो से गुरुग्राम के सोहना, क्क्के आगरा, मथुरा, अलीगढ़ की बसों का संचालन बंद कर दिया है।
- हिंसा में नुकसान- 100 से ज्यादा लोग जखमी हुए हैं। प्रशासन संपत्ति के नुकसान का आकलन कर रहा है।




# मध्यप्रदेश में भाजपा का ताकतवर संगठन

कमलनाथ आदिवासी समाज के सबसे बड़े हितैषी है। उनके पास भाजपा के संगठन से निपटने की बेहतर और विश्वनीय योजना है। यह कहना है एमपी के पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन का उनसे प्रदेश की राजनीति, आदिवासी समाज की स्थिति, जयस के बढ़ते कदम, आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की तैयारियां, प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री सहित अनेकों सवाल किये। हर सवाल का बेबाकी और पूर्ण आत्मविश्वास से जवाब दिया गया। बाला बच्चन एमपी में कांग्रेस पक्ष की और से बड़ा आदिवासी चेहरा है। वे पांच बार बड़वानी जिले से विधायक रहे, कमलनाथ की सरकार में गृहमंत्री रहें, दिग्विजयसिंह सरकार में भी मंत्री रह चुके है। वें विपक्ष के नेता का पद भी सम्भाल चुके है। विधानसभा चुनाव 2023 हेतु मध्यप्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति एवं प्रचार अभियान समिति के सदस्य भी बनाए गए है। उनका साफ कहना है कि 2023 के अंत मे होने वाले विधानसभा चुनाव में एमपी में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस सरकार के मुख्यमंत्री कमलनाथ होंगे। एमपी में आदिवासी एवं दलित समुदाय के विरुद्ध हो रहे अत्याचार के बारे में उनका साफ कहना है, प्रदेश मे कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। सीधी की घटना शिवराज सरकार की नाकामी का उदाहरण है। इस घटना में भाजपा कार्यकर्ता का नाम सामने आया है। प्रदेश में आदिवासी दलितों और महिलाओं पर हो रहें अत्याचार, अन्याय में हर जगह सत्ता के नशे में चूर भाजपा कार्यकर्ताओं का नाम शामिल है। शिवराज सरकार आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार रोकने में असफल सिद्ध हुई है। कांग्रेस की सरकार बनते ही हम कानून व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। प्रदेश में आदिवासियों, दलितों, महिलाओं और आमजनता के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार को रोकेंगे। प्रदेश में व्याप्त जंगल राज को खत्म करंगे, कानून का राज स्थापित करेंगे। मध्यप्रदेश में लंबे समय से आदिवासी मुख्यमंत्री चेहरे की मांग की जा रही है, इस पर उन्होंने साफगोई से कहा कमलनाथ आदिवासी समाज के सबसे बड़े हितैषी है। उनके मन मे आदिवासियों के प्रति गहरी संवेदना हैं, समाज के लिए बहुत चिंताए है, वे आदिवासी समाज की बेहतरी, विकास एवं सामाजिक उत्थान के लिए लगातार काम कर रहें है। छिंदवाड़ा आदिवासी बाहुल्य जिला हैं। जहां से 9 बार सांसद सदस्य रहें है। उन्हें कार्य करने का लम्बा ओर पर्याप्त अनुभव है। जहाँ तक आदिवासी मुख्यमंत्री की बात है कांग्रेस में विधायक दल का नेता चुना जाता है। उसे ही मुख्यमंत्री बनाया जाता है। कमलनाथ के मन मे प्रदेश के आदिवासियों के विकास और उन्नति की जो चिंताए है। वह उन्हें आदिवासी समाज के हित मे सोचने वाला बड़ा चेहरा बनाती है। जमीनी स्तर पर भाजपा के मजबूत संगठन से कैसे निपटेगी कांग्रेस जबकि भाजपा के जवाब में काँग्रेस की सांगठनिक क्षमता बेहद कमजोर नजर आती है? इस सवाल के जवाब में बाला बच्चन का कहना है कि कमलनाथ ने कांग्रेस संगठन में सक्रियता लाने हेतु बूथ प्रभारी, मंडलम प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और पन्ना प्रभारी नियुक्त किये है। इन नियुक्तियों पर सम्पूर्ण प्रदेश में कार्य हो रहा है। कांग्रेस की प्रादेशिक इकाइयों को मजबूत किया है, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई को भी सक्रिय, भरोसेमंद और जवाबदेह बनाने की दिशा में काम किया है। संघठनो को जनता के लिए लड़ने हेतु प्रेरित किया है। अब कमलनाथ के प्रयास रंग लाने लगे है। कांग्रेस का संगठन प्रदेश में भाजपा के कुशासन के खिलाफ लगातार लड़ता भी दिखाई दे रहा है। प्रदेश में कांग्रेस संगठन में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया है। वर्ष 2018 के चुनाव के पहले एमपी विधानसभा में कांग्रेस विधायकों की संख्या मात्र 57 थी। कमलनाथ ने 6 महीने पूर्व ही जिम्मेदारी ग्रहण की थी और एमएलए की संख्या 114 तक पहुचा दी थी। वें कुशल संगठनकर्ता है। अब जबकि उन्हें 5 वर्ष का समय मिला है। कांग्रेस संगठन प्रदेश में मजबूत स्थिति में है, भाजपा का मुकाबला करने में सक्षम है। प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में चल रहे 15 महीने बनाम 15 साल की बहस को उन्होंने जनता की आवाज बताते हुए कहा कि यह जनता के मन की आवाज है। 15 महीने का कमलनाथ सरकार का कार्यकाल 15 बरस के भाजपा के शिवराज के शासन से अधिक कारगर एवं जनहितैषी रहा है। किसानों के कर्जे माफ करने की प्रक्रिया चल रही थी। अपराधियों, माफियाओं पर कढ़ी कार्यवाहियां की जा रही थी। मिलावट के खिलाफ एक आंदोलन खड़ा हुआ था, शुद्ध के खिलाफ युद्ध का शंखनाद शुरू हुआ था। बिजली का बिल कम हुआ था। प्रदेश में असली सुशासन का दौर शुरू हुआ था। औधौगिक जगत में उत्साह का माहौल था। इन्वेस्टर्स मप्र आना चाह रहे थै, उन्हें कमलनाथ पर विश्वास था। इसलिए जनता में 15 माह के सुशासन ओर 15 साल के कुशासन की तुलना होती है। 15 माह के सुशासन की जनता तारीफ करती है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश में कमलनाथ की सरकार बनाने के लिए प्रदेश की जनता आतुर है। इंजीनियर से नेता बने बाला बच्चन ने शिवराज सरकार में व्याप्त बेरोजगारी और नियुक्तियों में गड़बड़ी का जिक्र भी किया। उन्होंने पटवारी परीक्षा में व्याप्त अनियमितता को प्रदेश के बेरोजगार नवयुवकों के साथ अन्याय बताया। कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम को पुनः लागू करने की योजना भी बताई। पुरानी पेंशन कांग्रेस के संकल्प-पत्र में शामिल है। एमपी में कांग्रेस शासन में मनमाड इंदौर रेल लाइन के प्रयासों में कमलनाथ की सरकार के दौरान किये गए प्रयासों का जिक्र किया। सरकार आने पर मनमाड इंदौर रेल लाइन के लिए पूरे प्रयास किये जाएंगे।

# मणिपुर मुद्दे पर संसद में पीएम के बयान की मांग बनाम विपक्ष चर्चा से भाग रहा है बयान

**लेखक - किशन भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र के रूप में विख्यात है,जिसकी अनेक देशों में मिसालें दी जाती है कि हर विषय व बिल पर खुलकर चर्चा कर आम सहमति बनाते हुए विषयों का व कानूनों की गुणवत्ता को निखारा जा सके, जिसका सटीक उदाहरण हमारा आज का संविधान है, जिसकी संविधान सभा की बहस दिसंबर 1946 से जनवरी 1950 तक चली थी उस कवायद का मकसद था आदेश रूप में संसदीय बहस की परंपरा बहाल रखते हुए उसे मजबूती दी जाए।सांसदों के लिएविवेकसम्मत तरीके से मतदान की इजाजत हो ताकि विमर्श की अपेक्षित प्रक्रिया पुनर्जीवित हो।ब्रिटिश में पीएमको हर बुधवार को हाउस आफ कॉमनस में सांसदों के प्रश्नों का जवाब देना होता है विपत्ति अवधि कोविड-19 के दौरान भी पीएम ने वर्चुअली सांसदों के सवालों का जवाब देना देना पड़ा था जबकि भारत में उस अवधि में प्रश्नकाल की भी समाप्त कर दिया गया था। मेरा मानना है कि भारत में संसदीय लोकतंत्र को अपनी रचनात्मक दरकरार के साथ पक्ष-विपक्ष की जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहिए और सांसदों को स्वायत्त पहलू की भी इजाजत हो। भारत में अनुमानतः एक संसद सदस्य 25 लाख से अधिक नागरिकों का प्रतिनिधित्व करता है, जो भूटान वहबोत्सवाना स्लोवेनिया जैसे अनेक छोटे देशों की आबादी से भी बड़ा है जो अनुमानतः 2026 तक नए सीमांकन और अनुपात गणित के हिसाब से लोकसभा की एक हजार से अधिक सीटें हो सकती है। जाहिर है भारत के लिए विशाल समय संसाधन लगेंगे इसलिए ही नए संसद भवन का निर्माण किया गया है। परंतु जिस तरह से मानसून सत्र-2023 का हाल आज भारत सहित पूरी दुनियां देख रही है कि 20 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले सत्र में आज 1 अगस्त 2023 भी निकल गया है परंतु संसद के दोनों सदन बाधित हैं। 8 दिनों में केवल 18 घंटे ही काम हुआ है आज पारित चलचित्र अधिनियम 2023 बिल सहित सभी बिल दोनों सदनों में ध्वनिमत से ही पारित हो रहे हैं न कि किसी भी प्रकार की चर्चा थी, क्योंकि विपक्ष मणिपुर मुद्दे पर संसद में पीएम के बयान की मांग पर अड़ा है तो पक्ष का बयान है कि विपक्ष चर्चा के लिए भाग रहा है। मेरा मानना है कि दोनों पक्षों को कुछ झुककर रास्ता निकालना चाहिए। पीएम को संसद में बयान देने की मांग को संभवत स्वीकार करना चाहिए क्योंकि इसके पूर्व दशक में भी इसी सत्ताधारी पक्ष की मांग पर वर्तमान विपक्ष के तत्कालीन पीएम को आखिर झुककर बयान देना पढ़ा था जिसकी चर्चा हम नीचे पैरा में करेंगे, या फिर विपक्ष ने चूंकि अविश्वास बिल का प्रस्ताव लाया है जो स्वीकार कर लिया गया है, तो स्वाभाविक ही है पीएम के बयान की संभावना है इसलिए सदन चलने में सहयोग देने पर विचार करना चाहिए। चूंकि दोनों पक्षों के उड़ने से बाधित संसद की कार्यवाही में संभवतः हर मिनट में ढाई लाख रुपए खर्च होते हैं याने 1 घंटे में ढाई करोड़ रुपए खर्च होते होंगे जो टैक्सपेयर्स की गाड़ी कमाई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मानसून सत्र 2023 बाधित-लोकतंत्र को धरातल पर उतारने पक्ष विपक्ष दोनों की ज़वाबदेही ज़रूरी-झुकना सर्वश्रेष्ठ माननीय गुण है।

साथियों बात अगर हम मानसून सत्र 2023 की करें तो संसद के मानसून सत्र को शुरू हुए 12 दिन हो चुके हैं, इस बीच संसद के दोनों सदनों में 8 दिन की बैठकें हुई हैं, हालांकि बैठकों के हिसाब से तो 8 दिन हो गया है, लेकिन अगर सदन की कार्यवाही की बात करें तो ये लगातार बाधित होते रही है। पिछले कुछ सालों से ऐसा लगने लगा है कि संसद की लगातार बाधित होती कार्यवाही संसदीय प्रक्रिया का मूलभूत हिस्सा बन चुका है। हालांकि सैद्धांतिक तौर से ऐसा नहीं है, लेकिन व्यवहार में हम ऐसा ही देख रहे हैं। मानसून सत्र के दौरान भी मणिपुर हिंसा को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में तनातनी का खामियाजा संसद की कार्यवाही को भुगतना पड़ रहा है। सोमवार यानें 31 जुलाई को भी राज्यसभा और लोकसभा दोनों ही सदनों में हंगामा और अवरोध का ही बोलबाला रहा। इसी माहौल में लोकसभा से चलचित्र विधायक 2023 को भी पारित करवा लिया गया। संसद के मानसून सत्र में हुए हंगामे और सत्ता पक्ष और विपक्ष में बढ़ते टकराव से देश बहुत चिंतित है। देश में विकास की बयार बहे इसके लिए जरूरी है कि परस्पर संवाद कावातावरण बना रहे। यह हो सकता है अगर सांसद अपने संकल्प को याद करें। संसद के पचास साल पूरे होने पर पीए संगमा की अध्यक्षता में हर दल और समूह की सहमति से निर्णय किया गया था कि प्रश्नकाल में व्यवधान पैदा नहीं किया जाएगा। आजादी के 75 साल पूरे होने पर हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं कम से कम इसमें एक संकल्प सांसद करें तो संसदीय लोकतंत्र में सुधार की शुरुआत हो सकती है, लेकिन क्या हमारे आजकल के सांसद यह संकल्प लेने की स्थिति में हैं? यह खतरा सिर्फ सांसदों के संकल्प करने से नहीं हटेगा क्योंकि आजकल के सांसद यह संकल्प लेने में समर्थ हैं? संसद में विपक्ष का हंगामा जारी है, माना ये भी जाता है कि विपक्ष संसद में कार्यवाही को बाधित करते हुए कहीं न कहीं किसी रणनीति पर काम कर रहा है। बताते चलें कि केंद्र की तरफ से दिल्ली अध्यादेश समेत बहुत से विधेयक इस मॉनसून सत्र में लाए जाने हैं।

साथियों बात अगर हम मणिपुर मुद्दे पर संसद में पीएम के बयान की मांग बनाम विपक्ष चर्चा से भाग रहा है बयान की करें तो, संसद का मानसून सत्र चल रहा है, लेकिन भारी हंगामे के कारण यह स्थगित हो जा रहा है, आज भी बिना किसी सार्थक चर्चा के लोकसभा के सत्र को स्थगित कर दिया गया। दरअसल विपक्ष मणिपुर के मुद्दे को लेकर चर्चा करना चाहता है, सत्ताधारी पार्टी भी कह रही है कि हम इस विषय पर चर्चा को तैयार हैं, लेकिन फिर भी संसद का सत्र हंगामे की भेंट चढ़ता है और स्थगित कर दिया जाता है। विपक्षी नेता पीएम की चुप्पी पर भी निशाना साध रहे हैं। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत के दौरान पीएम ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी थी। उन्होंने कहा था कि यह घटना शर्मसार करने वाली है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा दरअसल विपक्षी दल मणिपुर मुद्दे पर सदन में पीएम के बयान की मांग कर रहे हैं, जिसके कारण संसद के मानसून सत्र में व्यवधान देखने को मिल रहा है।ऐसे में यह याद करना भी जरूरी है कि यूपीए सरकार के दौरान सदन की स्थिति क्या रहती थी। बता दें कि यूपीए सरकार के दौरान ऐसे कई मौके आए जब विपक्ष यानी वर्तमान सत्ता पक्ष की मांग पर पीएम माननीय सिंह ने संसद में बयान दिया था। साथियों बात अगर हम करीब एक दशक पूर्व भी ऐसी ही स्थिति पर वर्तमान सत्ताधारी तब विपक्ष द्वारा पीएम के बयान की मांग की करें तो, 4 मार्च, 2011 कोकेंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में पी.जे. थॉमस की नियुक्ति का मुद्दा संसद में गूंजा था तब विपक्ष ने मांग की कि पीएम पूरे प्रकरण पर बयान दें। विपक्ष की मांग को मानते हुए तत्कालीन पीएम को संसद में आकर बयान देना पड़ा था।दरअसल 7 मार्च, 2011 को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में पी.जे.थॉमस की नियुक्ति को गलती बताते हुए पीएम ने कहा था कि वह इसके लिए पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। उन्होंने लोकसभा में कहा, हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं। सरकार नए सीवीसी की नियुक्ति करते समय कोर्ट द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों/निर्देशों को ध्यान में रखेगी। 20 अगस्त, 2013 को सरकार पर कोयला घोटाले को छुपाने का आरोप लगाते हुए, वर्तमान सत्ता पक्ष तब विपक्ष ने कोयला ब्लॉक आवंटन पर गायब फाइलों पर पीएम सिंह से बयान की मांग करते हुए संसद को बाधित कर दिया था, इसके 10 दिन बाद याने 30 अगस्त, 2013 को कोयला खदानों के आवंटन से संबंधित गुम फाइलों को लेकर हमले के बीच, पीएम ने कहा था कि वह कोयला मंत्रालय की फाइलों के संरक्षक नहीं हैं, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि किसी भी दोषी व्यक्ति को सरकार द्वारा बचाया नहीं जाएगा। कोयला ब्लॉक आवंटन समेत अनियमितताओं को लेकर तब विपक्ष सदस्यों के सवालों का जवाब दिया था। साथियों बात अगर हम अविश्वास प्रस्ताव की करें तो,क्या लोकसभा में टिक पाएगा अविश्वास प्रस्ताव?सवाल ये है कि विपक्ष के इस अविश्वास प्रस्ताव का मकसद क्या है, वो भी ऐसी स्थिति में जब पता है कि लोकसभा के अंदर ये प्रस्ताव टिक नहीं पाएगा। ऐसा इसलिए कि किसी भी प्रस्ताव पर लोकसभा में वोटिंग होती है और जिधर संख्याबल ज्यादा होता है, फैसला उसी के पक्ष में आता है।फिलहाल लोकसभा में संख्याबल के हिसाब से सत्ताधारी पार्टी की अगुवाई वाला पक्ष मजबूत है। इस लिहाज से अविश्वास प्रस्ताव टिक ही नहीं सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मणिपुर मुद्दे पर संसद में पीएम के बयान की मांग बनाम विपक्ष चर्चा से भाग रहा है बयान।सुनिए जी ! मानसून सत्र 2023 का हाल देखकर आगे मतदान का प्रयोग सोच समझकर कीजिएगा जी! मानसून सत्र 2023 बाधित - लोकतंत्र को धरातल पर उतारने पक्ष विपक्ष दोनों की जवाबदेही - झुकना सर्वश्रेष्ठ मानवीय गुण है।

# 3 अगस्त राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जन्म जयंती

**लेखक -विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म झांसी जिले के चिरगांव नामक स्थान पर 1886 ई. में हुआ था। इनके पिता जी का नाम सेठ रामचरण गुप्त और माता का नाम काशीबाई था। इनके पिता को हिंदी साहित्य से विशेष प्रेम था, गुप्त जी पर अपने पिता का पूर्ण प्रभाव पड़ा। इनकी प्राथमिक शिक्षा चिरगांव तथा माध्यमिक शिक्षा मैकडोनल हाईस्कूल (झांसी) से हुई। घर पर ही अंग्रेजी, बंगला, संस्कृत एवं हिंदी का अध्ययन करने वाली गुप्त जी की प्रारंभिक रचनाएं कोलकाता से प्रकाशित होने वाले वैश्योपकारक नामक पत्र में छपती थी। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी के संपर्क में आने पर उनके आदेश, उपदेश एवं स्नेहमय परामर्श से इनके काम में पर्याप्त निखार आया। भारत सरकार ने इन्हें पदमभूषण से सम्मानित किया। 12 दिसंबर 1964 को मां भारती का सच्चा सपूत सदा के लिए पंचतत्व में विलीन हो गया।

साहित्यिक परिचयः-

गुप्ता जी ने खड़ी बोली के स्वरूप के निर्धारण एवं विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। गुप्ता जी की प्रारंभिक रचनाओं में इतिवृत्त कथन की अधिकता है। किंतु बाद की रचनाओं में लाक्षणिक वैचित्र्य एवं सुक्ष्म मनोभावों की मार्मिक अभिव्यक्ति हुई है। गुप्त जी ने अपनी रचनाओं में प्रबंध के अंदर गीतिकाव्य का समावेश कर उन्हें उत्कृष्टता प्रदान की है। गुप्ता जी की चरित्र कल्पना में कहीं भी अलौकिकता के लिए स्थान नहीं है। इनके सारे चरित्र मानव हैं उनमें देव एवं दानव नहीं है। इनके राम,कृष्ण, गौतम आदि सभी प्राचीन और चिरकाल से हमारी श्रद्धा प्राप्त किए हुए पात्र हैं। इसलिए वे जीवन पर ना और स्फूर्ति प्रदान करते हैं। साकेत के राम ईश्वर होते हुए भी तुलसी की भांति आराध्य नहीं, हमारे ही बीच के एक व्यक्ति हैं।

कृतियां (रचनाएं):-

गुप्तजी ने लगभग 40 मौलिक काव्य ग्रंथों में भारत भारती (1912), रंग में भंग (1909), जयद्रथ वध, पंचवटी, झंकार, साकेत, यशोधरा, द्वापर, जय भारत, विष्णु प्रिया आदि उल्लेखनीय हैं।

भारत भारती मे हिंदी भाषियों में जाति और देश के प्रति गर्व और गौरव की भावना जगाई। रामचरितमानस के पश्चात हिंदी में राम काव्य का दूसरा प्रसिद्ध उदाहरण साकेत है। यशोधरा और साकेत मैथिलीशरण गुप्त ने दो नारी प्रधान काव्य की रचना की।

भाषा शैली :-

हिंदी साहित्य में खड़ी बोली को साहित्यिक रूप देने में गुप्त जी का महत्वपूर्ण योगदान है। गुप्त जी की भाषा में माधुर्य भाव की तीव्रता और प्रयुक्त शब्दों का सुंदर अद्भुत है।

वे गंभीर विषयों को भी सुंदर और सरल शब्दों में प्रस्तुत करने में सिद्धहस्त थे। इनकी भाषा में लोकोक्तियां एवं मुहावरे को के प्रयोग से जीवंतता आ गई है। गुप्तजी मूलतः प्रबन्धकार थे, लेकिन प्रबंध के साथ-साथ मुक्तक, गीति, गीतिनाट्य, नाटक आदि क्षेत्र में भी उन्होंने अनेक सफलताएं की हैं। इनकी रचना पत्रावली पत्र शैली में रचित नूतन काव्य शैली का नमूना है। इनकी शैली में गेयता, प्रवाहमयता एवं संगीतत्मकता विद्यमान है।

हिंदी साहित्य में स्थान :

मैथिलीशरण गुप्त जी की राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत रचनाओं के कारण हिंदी साहित्य में इनका विशेष स्थान है। हिंदी काम राष्ट्रीय भावों की पुनीत गंगा को बहाने का श्रेय गुप्तजी को ही हैं। अतः ये सच्चे अर्थों में लोगों में राष्ट्रीय भावनाओं को भरकर उनमें जनजागृति लाने वाले राष्ट्रकवि हैं। इनके काव्य हिंदी साहित्य की अमूल्य निधि है।

राष्ट्रप्रेम गुप्त जी की कविता का प्रमुख स्वर है। भारत भारती में प्राचीन भारतीय संस्कृति का प्रेरणाप्रद चित्रण हुआ है। इस रचना में व्यक्त स्वदेश प्रेम ही इनकी पर्वती रचनाओं में राष्ट्रप्रेम और नवीन राष्ट्रीय भावनाओं में परिणत हो गया। उनकी कविता में आज की समस्याओं और विचारों के स्पष्ट दर्शन होते हैं। गांधीवाद तथा कहीं-कहीं आर्य समाज का प्रभाव भी उन पर पड़ा है। अपने काव्य की कथावस्तु गुप्ता जी ने आज के जीवन से ना लेकर प्राचीन इतिहास अथवा पुराणों से ली है। यह अतीत की गौरव गाथाओं को वर्तमान जीवन के लिए मानवतावादी एवं नैतिक प्रेरणा देने के उद्देश्य से ही अपना आते हैं। नारी के प्रति गुप्ता जी का हृदय सहानुभूति और करुणा से आप्लावित हैं। यशोधरा, उर्मिला, कैकयी, विधृता। मैथिलीशरण गुप्त जी पर गांधी जी का भी गहरा प्रभाव पड़ा था इसलिए उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लिया और कारावास की यात्रा भी की थी। यह एक सच्चे राष्ट्र कवि भी थे। इनके काम हिंदी साहित्य की अमूल्य निधि माने जाते हैं। महान ग्रंथ भारत भारती में इन्होंने भारतीय लोगों की जाती और देश के प्रति गर्व और गौरव की भावना जताई है। अंतिम काल तक राष्ट्र सेवा में अथवा काव्य साधना में लीन रहने वाले और राष्ट्र के प्रति अपनी रचनाओं को समर्पित करने वाले राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी 12 दिसंबर सन 1964 ईस्वी को अपने राष्ट्र को अलविदा कह गए।

कवि मैथिलीशरण गुप्त की रचनाएं :यशोधरा,रंग में भंग,साकेत,भारत भारती,पंचवटी,जय भारत,पृथ्वी पुत्र,किसान,हिंदू,चंद्रहास,द्वापर

कुणालगीत आदि

पुरस्कार

इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इन्हें डी. लिट की उपाधि प्राप्त हुई थी।

सन 1952 में गुप्त जी राज्यसभा में सदस्य के लिए मनोनीत भी हुए थे।

1954 में उन्हें पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था।

---

एक कहावत है राजा दुखी, प्रजा दुखी सुखिया का दुख दुना। कहने का अर्थ यह है कि संसार में जिसे देखो वह अपने को दुखी ही कहेगा। राजा का अपना दुख है, प्रजा का अपना और जिसे आप सुखी माने बैठें हैं उससे पूछ कर देंखेंगे तो वह भी अपने दुखों की पोटरी खोलकर अपनी व्यथा गाने लगेगा। लेकिन अगर आपके पास यह विकल्प हो कि आप अपना दुख किसी और को देकर दूसरे का दुख खुद स्वीकार कर लें तब आप कहेंगे कि अपना ही दुख भला है। इस संदर्भ में एक कथा है कि किसी गांव में एक फकीर आये। उनकी विशेषता यह थी कि वे किसी की भी समस्या दूर कर देते थे। उनकी इस विशेषता के बारे जिसे भी पता चला, वह उनके पास दौड़ा आया। अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई और लोग जल्दी से जल्दी अपनी समस्या फकीर को बताने की जुगत भिड़ाने लगे। नतीजा यह हुआ कि हर कोई बोलने लगा। कोलाहल मच गया। फकीर ने सभी को चुप होने के लिए कहा। सभी लोग चुप हो गये तब फकीर ने कहा, मैं सबकी समस्या दूर कर दूंगा। आप सब लोग एक-एक कागज पर अपनी समस्या लिखकर लाएं और मुझे दे दें। कुछ ही देर में कागजों का ढेर लग गया। फकीर ने कागजों को एक टोकरी में रखा और उसे सबके बीच में रख दिया। एक आदमी की तरफ इशारा करके फकीर मे कहा, यहां से शुरू करके सब बारी-बारी से आएंगे और एक-एक कागज उठा लें। ध्यान रहे किसी को अपना कागज नहीं उठाना है। लोग एक-एक कर आए कागज उठा-उठा कर अपनी-अपनी जगह बैठ गए। फकीर ने कहा, अब इस कागज में लिखी किसी दूसरे की समस्या पढ़ो। अगर चाहो तो मैं तुम्हारी समस्या दूर कर दूंगा पर उसके बदले कागज पर लिखी समस्या तुम्हारी हो जाएगी। तुम्हें लगता है कि तुम्हारी समस्या बड़ी है तो उसे दूर करवाकर कागज पर लिखी दूसरे की छोटी-सी समस्या अपना लो। चाहो तो आपस में कागज बदल लो। जब तय कर लो कि अपनी समस्या के बदले कौन सी समस्या लोगे तो मेरे पास आ जाना। लोगों ने जब अपने पास कागज पर लिखी समस्या पढी तो वे घबरा गए। लोग एक दूसरे से कागज बदल-बदल कर पढ़ रहे थे। हर बार उन्हें लगता कि उनकी समस्या तो जैसी है वैसी है, पर इस नई समस्या का सामना नहीं कर पाएंगे। कुछ देर में हर किसी को समझ आ गया कि उनकी समस्या जैसी भी है उनके अपने जीवन का हिस्सा है और वे उसी का सामना कर सकते हैं। एक-एक कर के लोग चुपचाप वहाँ से चले गये।

## आज का सुविचार

लगन का अर्थ उन्नीस बार विफल होने के बाद 20वी बार सफल होना।

जे। एंड्रयूज

अपने सपनों को साकार करने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है कि आप जाग जाएं।

पॉल वैलेरी

# बाल सुरक्षा में हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**लेखक - हेमेन्द्र क्षीरसागर**

बच्चे मन के सच्चे होते हैं, वह सबको प्यारे होते हैं बावजूद बचपन दुर्भाग्यवश खोता जा रहा है। भारत के बच्चों को हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण से बचाना। परिणाम स्वरूप लाखों बच्चे हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण का शिकार होते हैं। बच्चों के खिलाफ हिंसा व्यापक है और यह भारत के सभी सामाजिक-आर्थिक वर्गों के लाखों बच्चों के लिए कठोर वास्तविकता है। बेशक, बाल सुरक्षा वास्तव में महत्वपूर्ण है क्योंकि वयस्कों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी देखभाल में बच्चों को नुकसान से बचाएं। जब तक वे इतने बड़े नहीं हो जाते कि वे स्वयं निवारक उपाय कर सकें। सुरक्षित न रहने के परिणामों को समझ सकें। वयस्कों को सभी रूपों में बाल सुरक्षा पर अच्छी समझ होनी चाहिए।

संवैधानिक गारंटी

संवैधानिक गारंटी जो विशेष रूप से बच्चों के लिए हैं। उनमें शामिल हैं- 6-14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा का अधिकार (अनुच्छेद 21 ए) 14 वर्ष की आयु तक किसी भी खतरनाक रोजगार से संरक्षित होने का अधिकार (अनुच्छेद 24) अपने बच्चों को प्यार, सुरक्षित और सुरक्षित महसूस करने में मदद करें । बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत, बच्चे का अर्थ वह व्यक्ति है जिसने अपनी आयु का चौदहवाँ वर्ष पूरा नहीं किया है । बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 1926 के तहत, बच्चे का अर्थ वह व्यक्ति है, जिसने यदि पुरुष है, तो 21 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है और, यदि महिला है, तो 18 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है।

छोटे बच्चों की सुरक्षा

अपने बच्चे से कहें कि जब आप आसपास न हों तो उन लोगों से बात करने से बचें जिन्हें वे नहीं जानते। सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा जानता है कि उसे कभी भी अजनबियों के साथ नहीं जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा यह समझता है कि यदि कोई अजनबी उसके पास आता है तो उसे हमेशा आपको बताना चाहिए और इस बात को कभी भी गुप्त नहीं रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे जानें कि आप उनसे प्यार करते हैं, भले ही वे कुछ गलत करें। अपने बच्चों को प्रोत्साहित करें. उनकी उपलब्धियों और प्रतिभा की प्रशंसा करें। अपने बच्चों के साथ समय बिताएं।

बच्चों के अधिकार

यूएनओ द्वारा बच्चों को क्या अधिकार दिए गए हैं। जीने एवं देखभाल प्राप्त करने का अधिकार। परिवार के साथ रहने का अधिकार। अच्छे स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा का अधिकार। आराम करने, खेलने एवं मनोरंजन का अधिकार। आर्थिक एवं शारीरिक शोषण से सुरक्षा का अधिकार। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि इन अधिकारों का पालन बेहद कम दृष्टिगोचर होता है। अधिकांशतः इनका हनन ही देखने को मिलता है। यद्यपि इस हनन के खिलाफ शिकायत अवश्य की जा सकती है। यदि आपके सामने भी बाल अधिकारों का हनन हो रहा हो तो हो तो हम जिले की बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड और राष्ट्रीय राज्य बाल आयोग को लिखित में शिकायत कर सकते हैं।

बाल सुरक्षा नीति

बाल सुरक्षा नीति बच्चों की सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी को प्रदर्शित करती है। जिसमें सहयोग में कार्यरत् कर्मचारियों के साथ-साथ जो भी सहयोग के साथ जुड़ाव करता है। उन सभी को बच्चों की सुरक्षा व उनके साथ दुर्व्यवहार विशेषतौर पर यौन दुर्व्यवहार को रोकना है । सुरक्षा वह सब कुछ है जो लोग खुद को या दूसरों को हानिकारक दुर्घटनाओं से बचाने के लिए करते हैं । लोग सुरक्षा उपायों का पालन कर दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सुरक्षा उपायों में यह जानना शामिल है कि कोई दुर्घटना कब हो सकती है और फिर उसे होने से रोकने के लिए कदम उठाना शामिल है।

## आज का राशिफल



राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, द्वितीय श्रावण मासे, कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमें तिथि दोइज, गुरुवासरे, घनिष्ठा नक्षत्रे, सौभाग्य योगे, तैतिल करणे, कुंभ की चंद्रमा, भद्रा 26/30 अश्लेषा रवि 19/53 पूर्वायाम बुध 19/59 तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, धार्मिक, कम्प्यूटर इंजीनियर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैंक कर्मचारी, लिपिक, कैशियर तथा लेखापाल, धनीमानी, वक्ता, धर्म में रुचि रखने वाला होगा।

**मेष राशि** - तनाव व उदर रोग, मित्र लाभ, राजभय तथा दाम्पत्य पूर्ण संतोषप्रद रहेगा।

**वृष राशि** - शत्रुभय, सुख मंगल कार्यो का विरोध होगा, मामले-मुकदमे में प्राय जीत होगी ध्यान दें।

**मिथुन राशि** - कुसंग से हानि, रोगभय, यात्रा सुख में वृद्धि, व्यापार में स्थिति लाभ-हानि की रहेगी ध्यान दें।

**कर्क राशि**- पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा, व्यापार में लाभ, खेती व गृहकार्य में व्यवस्था अवश्य बनेगी।

**सिंह राशि** - तनावपूर्ण स्थिति से बचें, विरोध चिन्ता, उद्योग-व्यापार में लाभ के कार्य सफल होंगे।

**कन्या राशि**- भूमि लाभ, स्त्री सुख, प्रगति के योग हैं, उद्योग-व्यापार में अड़चनों का सामना करना पड़ेगा।

**तुला राशि** - प्रगति, वाहन भय, भूमि लाभ, कष्ट, व्यर्थ अनाप-शनाप व्यय से परेशानी बढ़ेगी।

**वृश्चिक राशि** - कार्य सिद्धी, विरोध एवं कष्ट होगा, व्यापार में सुधार संभव है।

**धनु राशि** - यात्रा से हानि, मातृ-पितृ कष्ट, हर्ष होगा, लिखा-पढ़ी व शिक्षा जगत से सुख होगा।

**मकर राशि** - शुभ कार्यो की वृद्धि होगी, वाहनादि भय, रोगभय, नौकरी में स्थिति सामान्य रहेगी।

**कुंभ राशि** - अभीष्ट कार्य सिद्धी, भय, लाभ कार्य में बाधा आयेगी, धार्मिक व कुछ अच्छे कार्य बनेंगे।

**मीन राशि** - अल्प हानि, रोगभय, सम्पत्ति लाभ, मित्रों व पारिवारिक लोगों से सावधान रहें।

## आज का कार्टून



## युवक की मौत को लेकर भाई ने दी नामजद तहरीर

जसवंतनगर (इटावा)। कुड़ाखर गांव के 24 वर्षीय युवक शिवकांत तोमर उर्फ अमन तोमर की संदिग्ध परिस्थितियों में ग्राम नगला रामसुंदर में गोली लगने से सोमवार रात हुई संदिग्ध मौत के मामले में मृतक के भाई ने नगला रामसुंदर गांव के एक व्यक्ति के विरुद्ध हत्या करने की नामजद तहरीर दी है। मृतक के भाई अजय सिंह तोमर ने बताया है कि थानाध्यक्ष बलरई को संबोधित तहरीर में उसने कहा है कि मोना सिंह तोमर निवासी नगला रामसुंदर आए दिन मेरी मां और मेरे भाई को फोन पर धमकी देता था। सोमवार को मेरा भाई अमन नगला रामसुंदर से रात 8 बजे के करीब गुजर रहा था, तो मोना सिंह तोमर ने उसे गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया है। इस घटना को वहां के निवासी एक व्यक्ति ने देखा है। अजय कुमार ने बताया है कि कि उसने तहरी देकर पुलिस से हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। जबकि कोई तहरीर मिलने की अभी तक बलरई पुलिस पुष्टि नहीं कर रही है।

## अश्लील हरकते कर रहा युवक पुलिस ने पकड़ा

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के भरथना लडैयापुर मार्ग पर झाड़ियों में छुपकर सड़क पर आती जाती महिलाओं के के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें कर रहे एक 34 वर्षीय व्यक्ति को हिरासत में लिया। उपनिरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि वह हमराह पुलिस के साथ पटिया चौराहे पर गस्त पर थे कि तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि भरथना लडैयापुर मार्ग पर एक व्यक्ति झाड़ियों में छुपकर आती जाती महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें कर उनके साथ छेड़छाड़ कर रहा है इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया पूछताछ में उसने अपना नाम राजीव पुत्र प्रेमशंकर निवासी बिहारीपुर थाना बकेवर इटावा बताया।

## वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। लम्बे अर्से से न्यायालय से बाछित चल रहे दो लोगो को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। लखना चौकी इन्चार्ज राज कुमार ने बताया कि गांव नगला कले थाना बकेवर इटावा निवासी सोने लाल, व हरीश चंद्र पुत्रगण राम फल लम्बे अर्से से पुराने मुकदमे मे न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे थे दोनो वारन्टियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## जीजा साले ने महिला को छेड़ा

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के एक कस्वा मे जीजा साले ने घर मे घुस कर महिला के साथ छेडछाड करते हुए बुरी नियत से पकड़ा। पुलिस ने महिला के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज किया। थाना क्षेत्र के एक कस्वा निवासी वेवा महिला ने थाने मे दिये शिकायती पत्र मे बताया है कि वह 21जौलाई की शाम 6बजे घर मे गृह कार्य कर रही थी कि तभी एक नामजद आरोपित युवक अपने साले के साथ घर के अंदर घुस आये और महिला को बुरी नियत से पकड कर उसके साथ छेडछाड करने लगे महिला की चीख़-पुकार सुनकर घर मे मौजूद उनका पुत्र मौके पर पहुंचा कि तभी जीजा साले महिला को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने महिला के प्रार्थना पत्र पर जीजा साले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

## आई फ्लू से सैकड़ो लोग चपेट में

बकेवर, इटावा। लखना बकेवर नगर सहित क्षेत्र में आई फ्लू की रफ्तार रुकने का नाम नही ले रही है। लगातार बढ़ती रफ्तार से लोगों को चिंता सताने लगी है। हर परिवार में किसी न किसी को आई फ्लू की शिकायत है। सैकड़ों लोग इसकी चपेट में आ गए है। लोगों का कहना है अचानक आंखें लाल हो जाती हैं और दर्द होने लगता है। इससे आंखों में बहुत परेशानी होने लगती है। आई फ्लू से राहत दिलाने के लिए चिकित्सकों से लगातार उपचार करा रहे हैं। फिर भी इससे बहुत कम राहत मिल रही है। सीएचसी महेवा पर प्रति दिन ओपीडी में दो दर्जन से ज्यादा मरीज देखे जा रहे है जिसमें सबसे ज्यादा आई फ्लू के मरीज देखने को मिल रहे हैं। चिकित्साधिकारी डॉ गौरव त्रिपाठी ने बताया कि इसकी रफ्तार लोगों की लापरवाही की बजह से कम नही हो रही है। जबकि टीम द्वारा लगातार दवा वितरित के साथ इसकी सावधानियों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। ये एक संक्रमण रोग है जो एक दूसरे के संपर्क में आने से फैल रहा है। इसलिए इससे पीड़ित से दूरियां बनाए रखें। लेकिन लोग इस तरफ ध्यान नही दे रहे हैं इसी लिए इसकी रफ्तार कम नही हो रही है। उन्होंने बताया कि सीएचसी के साथ सभी पीएचसी पर दवा व आई ड्राप उपलब्ध है। अपना उपचार कराए तथा सावधानियां बनाये रखे जिससे सुरक्षित रह सके।

## 33 लोगों पर जिला बदरकी कार्यवाही

इटावा! अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुए इटावा पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध कराई गई कार्यवाही! वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा 2 अभियुक्तों को अग्रिम 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है! राहुल पुत्र रामनरेश निवासी भरतपुर खुर्द थाना उसराहार, संजीव कुमार पुत्र रामचनद्र निवासी भरतपुर खुर्द थाना ऊसराहार आदि शामिल रहे!

## सुशीला नर्सिंग होम में मनाया गया विश्व स्तनपान दिवस।

इटावा! स्टेशन रोड स्थित सुशीला नर्सिंग होम में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।हॉस्पिटल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ ममता सिंह ने महिलाओ को जागरूक करते हुए कहा कि स्तनपान कराने से बच्चे और माँ के बीच अपनत्व बढ़ता है।उन्होंने बताया कि बच्चे के जन्म के बाद महिलाओ की बच्चे दानी एक हार्मोन बनने से सिकुड़ती है इसमे स्तनपान का महत्वपूर्ण योगदान है।उन्होंने बताया की स्तनपान से बच्चो को स्वास्थ्य ठीक रहता है और बच्चे स्वस्थ रहते हैं।सुशीला नर्सिंग होम के संचालक वरिष्ट बाल रोग विशेषज्ञ डॉ डी के सिंह ने भी महिलाओ को संबोधित किया!

## कार ने छात्रा को रोंदा

इटावा! थाना क्षेत्र सिविल लाइंस के अंतर्गत तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहां इटावा में तेज रफ्तार कार ने स्कूली छात्रा को रौंदा छात्रा को टक्कर मारने वाली कार मैनपुरी के ट्रैफिक इंचार्ज की बताई जा रही है ट्रैफिक इंचार्ज ने बेहोशी की हालत में छात्रा को जिला अस्पताल में कराया भर्ती पुलिस मॉडर्न स्कूल की छात्रा बताई जा रही है घायल छात्रा घायल छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती करारकर ट्रैफिक इंचार्ज कार लेकर मौके से हुआ फरार फिलहाल घायल छात्रा को जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक पचार दे दिया छात्रा जिला अस्पताल में भर्ती है व छात्रा की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है इटावा के थाना सिविल लाइन अंतर्गत 28 बटालियन क्लब के पास की बताई जा रही पूरी घटना!

## साधन सहकारी समिति बरलोकपुर में लगा रहता ताला

इटावा! भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक इटावा के जिलाध्यक्ष आलोक चौधरी और मंडल सचिव कायम सिंह ने समिति के सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा कि सचिव समिति में नही आती है देर तक समिति कार्यालय पर ताला लटका रहता है।उन्होंने कहा कि किसान खाद लेने के लिये घंटो तक इंतज़ार करते है फिर थक हार कर वापस चले जाते है। उन्होंने कहा कि वो खुद कई बार समिति से खाली हाथ वापस लौट चुके है। आलोक चौधरी ने कार्यालय में लगे तालों की फ़ोटो मीडिया में जारी करते हुए बताया कि किसान प्रतिदिन खाद के लिये आते है और अपना कीमती समय नष्ट करके बिना खाद लिए वापस चले जाते है।उन्होंने कहा कि जब समिति के जिम्मेदारों को फोन किया जाता है तो वो मीटिंग इत्यादि का बहाना बनाते रहते है।

# सुशीला हॉस्पिटल में मनाया गया स्तनपान सप्ताह, फायदे बताए गए




इटावा,2 अगस्त। शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित सुशीला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मैं विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया द्य विश्व स्तनपान सप्ताह 1 अगस्त से लेकर7 अगस्त तक पूरे पूरे विश्व में महिलाओं को स्तनपान कराने की जागरूकता के लिए मनाया जाता है इस मौके पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ डी के सिंह ने स्तनपान को लेकर महिलाओं में फैली भ्रांतियों को अपने संबोधन से दूर किया और बताया कि स्तनपान कराने से महिलाओं और शिशुओं दोनों के स्वास्थ्य पर बहुत ही बड़ा प्राकृतिक असर होता है और मां और शिशु दोनों स्वस्थ रहते हैं। स्तनपान कराने से जल्द गर्भधारण नहीं होता है। उन्होंने बताया कि स्तनपान से प्ले पले शिशु अन्य बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। शिशु पैदा होने के बाद से ही 6 महीने की उम्र तक अपनी मां का स्तनपान करते हैं उन शिशुओं में डायरिया तथा निमोनिया एवं अन्य बीमारी होने का खतरा बहुत कम हो जाता है द्य इसके अलावा स्तनपान करने से शिशु का दिमाग तेज होता है तथा कुपोषण का शिकार नहीं होता है डॉक्टर ममता सिंह ने इस सप्ताह को लेकर सभी माताओं बहनों तथा आम जनता को स्तनपान के फायदे बताए। उन्होंने बताया कि शिशु के पैदा होने के 1 घंटे के अंदर ही शिशु को स्तनपान कराना अत्यंत आवश्यक है। 6 महीने तक केवल और केवल शिशु को स्तनपान ही कराना चाहिए द्य इस दौरान न तो शिशु को पानी पिलाना चाहिए न गुड़ चटाना चाहिए, न शहद खिलाना चाहिए द्य उन्होंने कहा कि स्तनपान कराने से केवल शिशु को ही नहीं माता को भी बहुत फायदे हैं द्य जो माताएं अपने शिशु को स्तनपान कराती हैं उनमें रक्त स्राव की समस्या बहुत कम होती है तथा माताओं में रक्त की कमी भी नहीं होती हैद्य इसके अलावा स्तनपान कराने से मां में महीने वारी रुक जाने से पुन्ह गर्भधारण करने की संभावना कम हो जाती है द्य जिन माताओं के शिशु स्तनपान करते हैं उन माताओं में ओवरी तथा ब्रेस्ट के कैंसर की संभावना कम हो जाती है।

# इंटर की छात्रा के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया

**इटावा!** इंटरमीडिएट की छात्रा के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। छह दिन पहले की इस घटना को पुलिस ने पीड़िता के नाबालिग होने के बावजूद पाक्सो एक्ट के बजाय महज छेड़छाड़ में दर्ज करके दबाने की कोशिश की। छात्रा दो दिन तक आयुर्विज्ञान विवि. सैफई में भर्ती रही। इस बीच सैफई थाने की हैंवरा चौकी के दारोगा ने पीड़िता के पिता पर आरोपित पक्ष से 20 लाख रुपये में समझौते करने का दबाव बनाया। साथ ही इस रकम में अपना हिस्सा भी तय कर लिया। पीड़ित पक्ष समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ तो पुलिस कार्रवाई का भरोसा देकर गुमराह करती रही। घटना के सातवें दिन बुधवार को पीड़िता द्वारा एसएसपी से मिलकर कार्रवाई की गुहार लगाए जाने पर सामूहिक दुष्कर्म और हैंवरा के दारोगा द्वारा विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह किए जाने का मामला सामने आया। करीब साढ़े 16 वर्षीय पीड़ित छात्रा के मुताबिक वह 27 जुलाई को सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। तब रास्ते में एक युवक ने उसकी साइकिल जबरन खींच ली और एक मकान के तलघर में ले जाकर बाहर से शटर बंद कर दिया। तलघर में पहले से मौजूद पुष्पेंद्र, शैलेंद्र और विवेक ने उसके साथ मारपीट की। वह चिल्लाई तो मुंह बंदकर चाकू का खौफ दिखाकर दुष्कर्म किया। इनमें दो युवक उसके गांव के ही थे। घटना के बाद वह हास्पिटल गई। हैंवरा के दारोगा ने उसके पिता पर आरोपित पक्ष से 20 लाख रुपये में समझौते करने के लिए दबाव बनाया। साथ ही अपना हिस्सा भी बताया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 27 जुलाई को छात्रा ने अपने साथ छेड़खानी की शिकायत की थी। इसको लेकर राजू बाथम व पुष्पेंद्र यादव निवासीगण हैंवरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। लेकिन पीड़िता आयुर्विज्ञान विवि. सैफई में भर्ती हो गई। जहां उसने बताया कि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। इसमें क्या सच्चाई है, इसकी तस्दीक के लिए मेडिकल कराया गया है। सीओ सैफई और एएसपी ग्रामीण को इसके निर्देश दिए गए हैं। पीड़िता की ओर से लगाए जा रहे दुष्कर्म के आरोप की गहनता से जांच करके सच्चाई सामने लाई जाएगी। फिलहाल मामले में सैफई थाने से पूरी रिपोर्ट मांगी है। न्यायालय में बयान के आधार पर दुष्कर्म या छेड़खानी का मामला सामने निकल कर आएगा। हालांकि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## 2000 साल पुराने रोमन जहाज का मलबा मिला

रोम । इटली के रोम के उत्तर पश्चिम में लगभग 80 किमी दूर सिविटावेचिया बंदरगाह के पास दो हजार साल पुराने रोमन जहाज का मलबा पाया गया। काराबेनियरी पुलिस के आर्ट स्क्वाड ने इसकी खोज की है। मिट्टी के ज्यादातर बर्तन समुद्र की गहराई में अपनी ठीक स्थिति में पाए गए हैं। इसकी जांच के दौरान उस पर सैकड़ों रोमन टेराकोटा जार मिले हैं। इनका मिलना एक प्राचीन समुद्री ट्रेड रूट पर प्रकाश डालता है। अनुमान के मुताबिक यह जहाज 20 मीटर लंबा है। तल से 160 मीटर नीचे यह जहाज डूबा हुआ मिला। काराबेनियरी पुलिस का आर्ट स्क्वाड इटली की सांस्कृतिक विरासक की सुरक्षा करने के लिए जिम्मेदार है। यह मलबा प्राचीन जहाजों के सामने समुद्र तट तक पहुंचने के दौरान आने वाले खतरों के बारे में प्रकाश डालता है। विशेषज्ञ इस खोज को लेकर उत्साहित हैं और इस बात पर जोर दे रहे हैं कि यह प्राचीन रोमन सभ्यता के व्यापारिक मार्गों के बारे में बहुत कुछ बता सकता है। इस जहाज का पता लगाने के लिए पुलिस ने आधुनिक टेक्निक का इस्तेमाल किया। उन्होंने एक रोबोट के जरिए इस जहाज का पता लगाया। शोधकर्ताओं को बिना किसी समस्या के इसके जरिए तस्वीरें और वीडियो बनाने में मदद मिली। इस जहाज को वापस निकाला जाएगा या नहीं, इस सवाल का जवाब अभी नहीं मिला है। भूमध्यसागर क्षेत्र में जहाजों के मलबे की खोज कोई असामान्य घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न ऐतिहासिक काल के कई जहाज खोजे जा चुके हैं। 2018 में एक 2,400 साल से ज्यादा पुराने एक ग्रीक जहाज को बुल्गारियाई तट के पास खोजा गया था। इसके अलावा उसी साल एजियन सागर में ग्रीक, रोमन और बाइजेंटाइन युग के दर्जनों जहाज के टुकड़े पाए गए थे। इसके अलावा जहाज पर मौजूद बर्तनों को लेकर भी कोई खुलासा नहीं हुआ है। इन बर्तनों का इस्तेमाल तेल और वाइन रखने के लिए किया जाता था।

## भाजपा सेक्टर संयोजक का भाई लापता,पुलिस को सूचना दी।

**इटावा/भरथना।** नगर के मोहल्ला ब्रजराज नगर निवासी संजय कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है कि बीती 30 जुलाई को बड़ा भाई विजय कुमार दुकान जाने की बात कहकर घर से निकला था,जोकि देर तक वापस नही आए, संभावित स्थानों पर खोजबीन की मगर कोई सुराग नही मिला। पुलिस द्वारा मामले की जांच को जा रही है।

## पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की

**इटावा/भरथना।** एसआई पूर्णा तिवारी ने बताया कि रमायन गांव के हनीफ व सुनील में खिलाफ वाद विवाद करने पर शांति भंग की कार्रवाई की गई।एक दूसरे मामले में रमायन गांव के रिंकू भदौरिया के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई।एक अन्य मामले में सरैया गांव के पंकज राठौर के खिलाफ गांव में ही किसी महात्मा से वाद विवाद करने पर शांति भंग की कार्रवाई की गई।

## तमंचा दिखाकर जन सेवा केंद्र संचालक की बाइक व मोबाइल छीन दो बदमाश फरार हुए


**इटावा/भरथना।** नकाबपोश बाइक सवार दो बदमाश तमंचा दिखाकर जन सेवा केंद्र संचालक की बाइक व मोबाइल छीन कर फरार हुए।कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भरथना-इटावा मुख्य मार्ग पर मंगलवार की रात करीब पौने 9 बजे इटावा से खानपुरा (कुसुना) स्थित घर आ रहे बाइक सवार अतुल यादव को अज्ञात बाइक सवार दो बदमाश ने हथनोली चौराहा के पास रोककर तमंचा दिखाकर उसका मोबाइल समेत बाइक छीन ले गए। पीड़ित ने बताया कि उसका सैफई में जन सेवा केंद्र है ।वही से गांव वापस आने के दौरान रास्ते मे बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने बाइक आगे लगाकर रोक लिया और तमंचा दिखाकर मोबाइल समेत बाइक छीन कर फरार हो गए।बाइक सवार दोनों बदमाश गमछे से चेहरा ढके थे ।घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।

## हाथी पांव के नाम से जाना जाता है,फाइलेरिया



**ताखा( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** विकास खण्ड ताखा के कंपोजिट विद्यालय बकौली में फाइलेरिया जागरूकता से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्यत: हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। बीईओ वीरेंद्र सिंह पटेल के आदेश के क्रम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। फाइलेरिया के ब्लॉक स्तरीय मानिटरिंग ऑफिसर अविनाश शर्मा ने फाइलेरिया के लक्षण को समझाते हुए कहा फाइलेरिया के सामान्यत: कोई लक्षण दिखाई नहीं देते बुखार हाथ पैर में दर्द या सूजन तथा पुरुषों के जननांग में व उसके आसपास दर्द या सूजन, पैरों में हाथों में सूजन और हाइड्रोसील आदि लक्षण दिखाई देते है।10 अगस्त से 28 अगस्त तक फाइलेरिया उन्नमुलन के तहत वृहत स्तर पर दवा वितरण का कार्य किया जाएगा ।प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह राठौर ने बताया कि जब समुदाय के सभी लोग इन दवाओं का सेवन करेंगे तभी सुरक्षित रह पाएंगे एमडीए की दवा सरकार द्वारा साल में एक बार घर घर मुफ्त में दी जाती है किसी भी परेशानी की अवस्था में नजदीकी स्वास्थ्य से संपर्क करें एक साल से कम उम्र के बच्चों गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को यह दवाई नहीं खाना है ।इस मौके पर गीता दोहरे,ओमप्रकाश,दिनेश,प्रदीप ,अवनीश समेत कई बच्चे मौजूद रहे।

# नीतीश कुमार और बादल परिवार का जिक्र कर मोदी ने जदयू और अकाली दल को बड़ा संदेश दिया है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एनडीए सांसदों की कलस्टरों की बैठक में एनडीए को त्याग की भावना से बना गठबंधन बताते हुए यह कहा कि विधायकों की कम संख्या होने के बावजूद भाजपा ने नीतीश कुमार को बिहार में मुख्यमंत्री बनाया। एनडीए के विस्तार में जुटे भाजपा के अभियान के बाद जिन दो राजनीतिक दलों की एनडीए के पाले में वापसी को लेकर लगातार और बार-बार कयास लगाए जा रहे हैं, वह दोनों ही दल अभी तक इस बारे में कोई अंतिम फैसला शायद नहीं कर पा रहे हैं। स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल की पार्टी शिरोमणि अकाली दल जिसे उनके देहांत के बाद आजकल उनके बेटे सुखबीर सिंह बादल चला रहे हैं और दूसरा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड। यह दोनों ही राजनीतिक दल भाजपा के पुराने सहयोगी रहे हैं। भाजपा पंजाब और बिहार में इन दलों के साथ मिलकर लंबे समय तक सरकार चला चुकी है और यह दोनों ही राजनीतिक दल केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार और नरेंद्र मोदी सरकार में भी शामिल रह चुके हैं लेकिन राजनीतिक परिस्थितियों की वजह से आज अकाली दल और जेडीयू, दोनों ही एनडीए से दूर हो चुके हैं। भाजपा का साथ छोड़ने के बाद नीतीश कुमार देशभर में 2024 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को हराने के मंत्र के साथ विपक्षी दलों को एकजुट करने की मुहिम में लगे हुए हैं तो वहीं सुखबीर सिंह बादल एनडीए और विरोधी दलों के गठबंधन दोनों से अलग हटकर मायावती की पार्टी बहुजन समाज पार्टी के साथ मिलकर पंजाब में अपने पुराने गौरवशाली दिनों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही कह चुके हैं कि भाजपा ने न तो किसी दल को एनडीए से जाने को कहा है और न ही आने को कहेगी, यह फैसला इन दोनों दलों के नेताओं को करना है कि वह फिर से भाजपा के साथ आना चाहते हैं या नहीं ? हालांकि जेडीयू और अकाली दल लगातार भाजपा के साथ फिर से जाने की खबर पर इंकार करने का ही स्टैंड अपनाए हुए हैं लेकिन इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कमान संभालते हुए नीतीश कुमार और बादल परिवार दोनों को ही या यूं कहें कि जेडीयू और शिरोमणी अकाली दल को भाजपा के त्याग की याद दिलाते हुए कहा है कि एनडीए स्वार्थ नहीं त्याग की भावना से बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एनडीए सांसदों की कलस्टरों की बैठक में एनडीए को त्याग की भावना से बना गठबंधन बताते हुए यह कहा कि विधायकों की कम संख्या होने के बावजूद भाजपा ने नीतीश कुमार को बिहार में मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने बादल परिवार को भी भाजपा के त्याग की याद दिलाते हुए कहा कि पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन सरकार में भाजपा विधायकों की अच्छी खासी संख्या होने के बावजूद भाजपा ने उपमुख्यमंत्री का पद नहीं मांगा। याद दिला दें कि, पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन की सरकार में प्रकाश सिंह बादल मुख्यमंत्री थे और उनके बेटे सुखबीर सिंह बादल उपमुख्यमंत्री। उस समय भाजपा के कई नेता दबी जुबान में यह कह रहे थे कि राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन की स्थापित परंपरा के मुताबिक उपमुख्यमंत्री पद पर भाजपा का स्वाभाविक दावा बनता है और मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों ही पद एक ही पार्टी या यूं कहें कि एक ही परिवार के पास नहीं जाना चाहिए लेकिन अकाली दल के साथ गठबंधन को तवज्जो देते हुए भाजपा आलाकमान ने उस समय अपने ही स्थानीय नेताओं की बात को खारिज करते हुए सुखबीर सिंह बादल को उपमुख्यमंत्री बनाने के प्रकाश सिंह बादल के फैसले को स्वीकार कर लिया। लेकिन प्रधानमंत्री ने सोमवार को एनडीए की बैठक में भाजपा के त्याग का यह किस्सा सुना कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया है। यह माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार और अकाली दल को याद करके जो कुछ भी कहा, वह इन दोनों राजनीतिक दलों के लिए स्पष्ट तौर पर एक संदेश है कि भाजपा के दरवाजे इनके लिए अब भी खुले हुए हैं। मतलब साफ है कि अगर नीतीश कुमार अपने आप को राजनीतिक रूप से विरोधी दल के साथ गठबंधन में खासतौर से लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के साथ गठबंधन की सरकार चलाने में पहले की तरह असहज महसूस कर रहे हो तो फिर से भाजपा के साथ आ सकते हैं। संकेत बिल्कुल साफ है कि नीतीश कुमार चाहें तो भाजपा के साथ आने के बावजूद भी वे राज्य के मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं। पंजाब में अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही भाजपा ने अपने सबसे पुराने सहयोगी शिरोमणि अकाली दल के लिए भी अपने दरवाजे खुले रखे हैं। संकेत बिल्कुल स्पष्ट है कि भले ही राजनीतिक परिस्थितियां बदल गई हों, पंजाब में भाजपा अकाली दल से अलग होने के बाद लगातार मजबूत हुई हो लेकिन इसके बावजूद अगर अकाली दल फिर से एनडीए में शामिल होने का फैसला करता है तो भाजपा निश्चित तौर पर पहले के मुकाबले गठबंधन में अपने लिए ज्यादा स्पेस चाहेगी लेकिन साथ ही साथ बादल परिवार के सम्मान को भी बरकरार रखेगी। एनडीए सांसदों की बैठक में नीतीश कुमार और अकाली दल को याद कर प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ इन्हीं दोनों दलों को राजनीतिक संदेश देने का प्रयास नहीं किया है बल्कि इसके साथ-साथ उन्होंने एनडीए गठबंधन में शामिल वर्तमान राजनीतिक दलों और उनके सांसदों को भी एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया है कि भाजपा के रुख, रवैये और स्टैंड को लेकर भाजपा के पुराने सहयोगी या भाजपा के विरोधी चाहे जो कुछ भी कहते रहें लेकिन आज की भाजपा भी अटल-आडवाणी के दौर की भाजपा है जो एनडीए के वफादार सहयोगियों का पूरा खयाल रखती है, सम्मान देती है और परिस्थितियों के अनुसार उन्हें उचित पद और तवज्जो भी देती है। भले ही इसके लिए भाजपा को अपने ही स्थानीय नेताओं की बात को खारिज करना पड़े, भले ही इसके लिए भाजपा को राजनीतिक रूप से बलिदान देना पड़े। प्रधानमंत्री का राजनीतिक संदेश अपने आप में पूरी तरह से स्पष्ट और बड़ा संदेश है। इसका असर तुरंत भारतीय राजनीति में भले ही ना पड़े लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसका असर निश्चित तौर पर भारत में गठबंधन राजनीति पर पड़ेगा और इससे एनडीए के विस्तार में भी तेजी आना निश्चित है। प्रधानमंत्री के इस कथन को वर्तमान राजनीतिक हालात में उनके सिक्सर के तौर पर भी देखा जा रहा है जो विपक्षी दलों की पकड़ से बहुत दूर चला गया है।

## गाली गलौज कर की मारपीट,एक किशोरी गंभीर

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 2 अगस्त जनपद केकिशनी।थाना क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर में बेबजह गाली गलौज करने से मना करने पर नामजदों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से एक किशोरी गंभीर घायल हो गई। किशोरी के परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां उसे भर्ती कर लिया गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजदों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सोमवार को बसंतपुर निवासी सत्यपाल पुत्र श्रीराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 31 जुलाई की देर शाम मेरे घर पुत्रियां सोनम, रोशनी व पुत्र अतुल घर पर थे।तभी गांव के ही शीलू, रक्षपाल व रुबी दरवाजे पर आए और बेबजह गाली गलौज करने लगे। जब अतुल ने गाली देने से रोका तो नामजद अतुल के साथ मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने गई पुत्रियों को भी नामजदों ने मारा पीटा। जिससे सोनम को गंभीर चोटें आईं। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। तहरीर में आधार पर पुलिस ने तीन नामजदों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बिजली ठेकेदार की मनमानी से किशनी वासी हलकान साढे आठ घंटे की कटौती से बिलबिलाये लोग

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 2 अगस्त जनपद केकिशनी।सोमवार का दिन नगरवासियों के लिये बिजली ठेकेदार की मनमानी के कारण किसी मुशीबत से कम नहीं रहा। उमस भरी गर्मी में यदि कुछ समय के लिये भी बिजली चली जाये तो जीना मुश्किल हो जाता है पर जब कोई ठेकेदार बिजली विभाग के आदेशों को ताक पर रख कर आठ नौ घंटों तक का शट डाउन लेले तो आम जनता को हलकान होना ही है। कस्बे में कुछ पुरानी केबिलों को बदलने की प्रक्रिया जारी है। इसके लिये ठेकेदार लेवर के साथ काम करा रहा है। बिभाग की सूचना के अनुसार सुबह ग्यारह बजे बिजली काटी जायेगी और शाम छह बजे सप्लाई शुरू करदी जायेगी। पर ऐसा हो नहीं रहा है। रविवार को कस्बे वासियों को पता ही नहीं था कि बिजली क्यों काटी गई। करीब साढे छह बजे ग्रामीणों ने एसडीओ रजत शुक्ला को बिजली न आने के बारे में बताया तो उनके हस्तक्षेप के बाद सप्लाई शुरू की गई। सोमवार को दुबारा ग्यारह बजे बिजली काट दी गई। सारी दोपहर लोग खास कर बच्चे उमस भरी गर्मी से परेशान होते रहे। पर जब बिजली रात आठ बजे तक नहीं आई तो लोगों का नाराज होना स्वाभाविक था। ग्रामीणों ने एक बार फिर से किशनी के तेजतर्रार एसडीओ रजत शुक्ला को फोन कर परेशानी से अवगत कराया। एसडीओ के हस्तक्षेप के बाद करीब साढे आठ बजे बिजली की सप्लाई चालू की जा सकी। सोमवार का दिन नगर के लोगों के लिये खासी परेशानी बाला रहा जो लोगों को काफी समय तक याद रहेगा। एसडीओ रजत शुक्ला ने बताया कि अब दोबारा ऐसा नहीं होगा। ठेकेदार को बता दिया गया है कि कार्य को समय से शुरू करके समय से ही समाप्त किया जाये। और शाम छह बजे तक बिजली की सप्लाई चालू की जाय ताकि लोग परेशान न हों।

## रसूखदार पिता-पुत्र ने साथयों सहित तमंचे से फायरिंग कर फैलाई दहशत

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी।** मैनपुरी 2 अगस्त जनपद केकिशनी। किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम दादोपुर में रसूखदार पिता पुत्रों ने पीड़ित को खेत की जुताई करने से रोक दिया। विरोध करने पर पिता–पुत्र व अज्ञात ने तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैला दी। घटना के बाद थाने पहुंचे पीड़ित ने पिता पुत्र और दो साथियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम दादीपुर मनिगांव निवासी अजब सिंह पुत्र मातादीन ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है।आरोप है कि पिछले दस वर्षों से जगतपुर निवासी अनिल दुबे के पास उसका खेत बटाई पर है। 31 जुलाई की सुबह डेरा डूंगर निवासी श्याम सिंह पुत्र अहिबरन सिंह तथा उनका पुत्र सुमित उर्फ गोलू दो अज्ञात साथियों के साथ आया और खेत की जुताई करने से रोक दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैला दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तहरीर पर उपरोक्त पिता पुत्र तथा उनके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस गांव पहुंची तो आरोपी पिता–पुत्र फरार हो गए। पुलिस जल्द उनकी गिरफ्तारी करेगी।

## कुर्रा थाना पुलिस ने बंदूक व बोलेरो संग एक वांछित व्यक्ति किया गिरफ्तार

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 2 अक्टूबर जनपद के थाना कुर्रा पुलिस नेआपको बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक मैनपुरी विनोद कुमार क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधी गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना प्रभारी कुर्रा अमित सिंह व उप निरीक्षक संजीव कुमार मयहमराह बांछितो की तलाश में थे मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक मुलजिम बोलेरो से नाजायज असलाह लिए बुझिया की तरफ आ रहा है पुलिस ने विश्वास करके बुझिया तखरऊ मार्ग पर चैकिग चालू कर दी तभी बोलेरो गाड़ी आती दिखाई दी गाड़ी को तत्काल रोका गया व गाड़ी चला रहे युवक को हिरासत में ले लिया गया गाड़ी बोलेरो नंबर यूपी 83 ए के 4330 रंग सफेद गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी से एक लाइसेंसी बंदूक बट पर नंबर 12543 –82 लिखा था तीन जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद की गई बंदूक लाइसेंस मलखान सिंह पुत्र ना मालूम निवासी नगला नत्थू थाना सैफई जनपद इटावा के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है गिरफ्तार मुलजिम ने अपना नाम जितेंद्र उर्फ छुन्ना पुत्र विजय पाल सिंह निवासी ग्राम नगला देवी थाना करहल जिला मैनपुरी बताया मुलजिम पर पहले से मुकदमा पंजीकृत है पुलिस ने गिरफ्तार करके कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया

## सीएनजी गैस के टेंकर में रिसाव होने से हड़कंप मचा

इटावा! थाना क्षेत्र इकदिल के अंतर्गत नेशनल हाईवे टू पर सीएनजी गैस के टेंकर में रिसाव होने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया! हाइवे पर चलते समय अचानक सीएनजी गैस से भरे टेंकर से गैस हुयी लीक दरअसल सीएनजी गैस के टेंकर में ट्रक वाल्व टूट जाने की वजह से बीच हाईवे पर टेंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया! टेंकर से सीएनजी गैस लीक होती देख टेंकर चालक ट्रक को बीच सडक पर छोड़कर भाग खड़ा हुआ! एनएच 2 पर बीच सडक पर टेंकर से सीएनजी गैस के रिसाव से दहशत में आये स्थानीय लोग! गैस लीकेज की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची इकदिल पुलिस मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ साथ दमकलकर्मी में पहुंच गए,,,,, गैस रिसाव की सूचना पर लॉ × आर्डर को देखते हुए कई थानों का पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया गैस रिसाव की सूचना पर मौके पर पहुंचे टोरेंटो गैस कंपनी के कर्मचारी गैस के लीकेज को रोकने में जुटे! इकदिल पुलिस ने नेशनल हाइवे 2 इतियातन कुछ समय के लिए यातायात रोका को रोक दिया! गैस रिसाव के चलते नेशनल हाइवे पर करीब 1किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लम्बी कतारें लग गयी! स्थानीयों की माने तो पिछले करीब 1 घंटे पर गैस टेंकर से लीक हो रही गैस! टॉरेंट गैस के कर्मचारियों व इकदिल पुलिस ने तकरीबन 1 घंटे की कड़ी मशक्कत क बाद गैस रिसाव को किया ठीक! गैस रिसाव ठीक होते ही पुलिस ने दोबारा यातायात को शुरू करा दिया है,, और अब मौके पर स्थिति सामान्य है!

# करहल तहसील में दबंग लेखपाल ने एक फरियादी को लात घूसों से पीटा



**जिला ब्यूरो आराजी सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी।** मैनपुरी 2 अक्टूबर जनपद के तहसील करहल में कल 1 अक्टूबर को दबंग लेखपाल दिनेश कठेरिया ने अपनी दबंगई को दिखाते हुए फरियादी को जरा सी बात को लेकर लात घुसा से मारा पीटा उपस्थित खड़े वहां अन्य कर्मचारी यह तमाशा देखते रहे परंतु किसी ने बीच विचाव नहीं किया और वह फरियादी लात घूसों से पिटता रहा प्राप्त जानकारी के मुताबिक रामनरेश कठेरिया पुत्र राजाराम कठेरिया निवासी ग्राम पकरी थाना कुर्रा तहसील करहल जनपद मैनपुरी का निवासी है बीते दिन 1 अक्टूबर को करीब 11:00 तहसील करहल में तैनात लेखपाल दिनेश कठेरिया से फरियाद लेकर आया और जाकर के कार्यालय में मिला उपस्थित लेखपाल से फरियादी ने कहा कि लेखपाल साहब मेरी माता जी का मूल निवास बन गया है इतनी बात सुनते ही दबंग लेखपाल दिनेश कुमार कठेरिया आग बबूला हो गया और तैश में आकर अभद्र गाली गलौज करने लगा और फरियादी समझ न सका तब तक लेखपाल रामनरेश कठेरिया पर टूट पड़े और लात घुसा से बेरहमी से मारपीट करने लगा तथा वहां खड़े मौके पर अन्य कर्मचारीयों ने फरियादी को नहीं बचाया और तमाशा देखते रहे पीटते हुए लेखपाल कहने लगा कि तुम प्रधान का विरोध करता है तुझे मैं ठीक कर दूंगा पिटने के बाद फरियादी ने एक तहरीर लिखकर तैयार की किसान यूनियन के लोगों को बताया किसान यूनियन का हुजूम तहसील पर आ गया और उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कराल को प्रार्थना पत्र डलवा दिया है और लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है इस पर एसडीएम करहल ने आश्वासन देते हुए कहा जांच होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा एक प्रार्थना पत्र थाना करहल में भी दे दिया गया है उसकी भी जांच की प्रक्रिया जारी है।

# सूने मकान से लाखों के जेवरात व गुमटी से चुराई गोलक

चकरनगर, इटावा! बिठौली थाना के कंधावली गांव में रात्रि समय चोरों ने एक मकान के पीछे के दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में रखी अलमारी से करीब एक लाख रुपये के जेवरात सहित अन्य सामान पार कर दिया, इसी रात्रि गांव के बाहर रखी एक गुमटी से चोर गोलक उठा ले गए, जो दूसरे दिन जंगल से वरामद की गई। लेकिन पुलिस ने चोरी की घटना में मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा। दुकानदार ने पुलिस पर चोर पकड़कर छोड़ने का आरोप लगाया है। इधर घटना से आसपास के गांव की जनता में भय व्याप्त है। ब्रह्मा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके भाई राम प्रवेश पुत्र श्री राम दूर दराज के शहर में व्यापार करते हैं। जिनका गांव में एक बड़ा मकान बना है। मकान के पीछे के दरवाजे की कुंडी तोड़कर सोमवार रात्रि समय चोर घर में घुसे और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर करीब एक लाख रुपये के जेवरात चुरा ले गए। यही नहीं घर में लगी एलसीडी भी चोर चुरा ले गए। मकान मालिक के बाहर होने के कारण अन्य सामान के चोरी होने की जानकारी नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि भाई की सूचना पर पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंची, लेकिन पुलिस ने मुकदमा लिखना मुनासिब नहीं समझा। उक्त घटनास्थल से कुछ दूरी पर कंजौसा पुल के समीप रखी गुमटी के मालिक शंभू दयाल ने बताया कि उपरोक्त रात्रि समय ही उनकी गुमटी से चोरों के द्वारा गोलक चोरी कर ली गई, चोरों ने रुपये निकालकर गुमटी को कुछ दूरी पर जंगल में फेंक दिया। गुमटी मालिक का आरोप है कि शिकायत पर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसे कुछ समय के उपरांत छोड़ दिया और मुकदमा आज तक दर्ज नहीं किया

**–सूने घर से चोरी का प्रयास किया गया, मकान मालिक बाहर रहते हैं। दुकान की गोलक तो दुकान पर ही रखी है, फिर चोरी किस बात की, फिर भी जांच की जा रही है। –बृजेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक बिठौली।**

## होम्योपैथिक मेडिकल स्टोरों की हुई जांच

**इटावा! इटावा शहर के होम्योपैथिक मेडिकल स्टोरों की जांच मुख्य चिकित्सा अधीक्षक होम्योपैथी कानपुर मंडल डा.प्रेम कुमार अम्बेडकर ने की। उन्होंने स्टोरों पर पहुंच कर सभी अभिलेखों, लाइसेंस, दवाओं आदि की गहन जांच की। साथ ही दवाओं पर छपे क्यू आर कोड की जांच कर दवाओं की विश्वनीयता को परखा। उन्होंने शहर के प्रमुख लाइसेंस धारक होम्योपैथी दवाओं के विक्रेता दीक्षित हीलिंग चैम्बर बजाजा लाइन, रिषी होम्यो क्लीनिक बजाजा लाइन, दीपक होम्यो क्लीनिक कुंज, अग्रवाल होम्यो स्टोर कटरा सेवाकली, आस्था होम्यो स्टोर स्टेशन रोड आदि की चैंकिग की। इस अवसर पर उनके साथ जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा.देवारानी, डा.शेखर गुप्ता, रमेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।**

# फेसबुक प्यार ने दो परिवारों की नींद उड़ाई प्रेमी प्रेमिका की तलाश में एटा पुलिस ने लहरा गांव में मारा छापा

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव**

### प्रेमी के पिता को उठा ले गई पुलिस

मैनपुरी 2 अक्टूबर जनपद के बिछ्वा फेसबुक प्यार ने दो परिवारों की नींद उड़ा दी है। फेसबुक पर हुई चैट कब मोहब्बत में बदल गई पता ही नहीं चला। अपने सपनों की नई दुनिया बसाने के लिए प्रेमिका अपने प्रेमी के पास चली आई। बेटी के गायब होने की भनक जब परिवार के लोगों को हुई तो उन्होंने पुलिस की शरण ली। प्रेमी प्रेमिका की तलाश में एटा पुलिस ने लहरा गांव में छापा मारा। पुलिस प्रेमी के पिता को अपने साथ ले गई है।

फेसबुक या प्रेम प्रसंग का मामला जनपद एटा के थाना नयागांव क्षेत्र से जुड़ा है इसी क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की जनपद मैनपुरी के थाना क्षेत्र के ग्राम लहरा निवासी शिवम पुत्र अरविंद उर्फ पप्पू सविता से फेसबुक पर चैट होने लगी। कुछ ही दिनों बाद एक दूसरे में बातों का सिलसिला शुरू हो गया बातों का सिलसिला प्यार मोहब्बत में कब बदल गया पता ही नहीं चला। एक दूसरे ने साथ जीने की साथ मरने की कसमें खाई। बताते हैं कि प्रेमिका अपने सपनों की नई दुनिया बसाने के लिए प्रेमी के पास चली आई। अचानक बेटी के



गायब हो जाने के बाद परिवार के लोगों ने पुलिस की शरण ली। बाद में पता चला कि उनकी बेटी को फेसबुक के माध्यम से एक युवक से प्यार हो गया था। और वह अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। परिवार के लोगों ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद प्रेमी–प्रेमिका की तलाश शुरू की। थाना नयागांव पुलिस ने प्रेमी प्रेमिका की तलाश में ग्राम लहरा पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। प्रेमी प्रेमिका तो नहीं बरामद हुए। पुलिस प्रेमी के पिता को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है। प्रेमी और प्रेमिका के मोबाइल बंद बताए जा रहे हैं। जगह के बंटवारे को लेकर पिता पुत्र को मारपीट कर किया घायल। पुलिस ने रिपोर्ट की दर्ज। युवक को किया गिरफ्तार थाना क्षेत्र के गाव इन्नीखेड़ा में एक अविवाहित भाई ने अपने भाई की बेटी के नाम अपने हिस्से की जमीन कर दी इसी बात को लेकर परिवार के युवक ने पिता पुत्र को लाठी–डंडों से ईट पत्थर से मारकर घायल कर दिया ।मामले की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गांव इन्नीखेडा निवासी अक्षय कुमार पुत्र पोप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके चाचा अविवाहित चाचा किशनलाल ने उसकी बहन के नाम जमीन कर दी इसी बात को लेकर उसके परिवार के अन्य लोग उसे गाली गलौज करते हैं जब विरोध किया तो उसे व उसके पिता पौप सिंह पुत्र लोचन को उसके चचेरे भाई राजपाल पुत्र रूप सिंह व निराशा देवी पत्नी रूप सिंह ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया जिसमें दोनों लोगों के सिर में चोट आई है मामले की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर राजपाल पुत्र रूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है

## हाथी पांव के नाम से जाना जाता है फाइलेरिया



ऊसराहार, इटावा! हाथी पांव के नाम से जाना जाता है,फाइलेरिया! विकास खण्ड ताखा के कंपोजिट विद्यालय बकौली में फाइलेरिया जागरूकता से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्यत: हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। बीईओ वीरेंद्र सिंह पटेल के आदेश के क्रम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। फाइलेरिया के ब्लॉक स्तरीय मानिटरिंग ऑफिसर अविनाश शर्मा ने फाइलेरिया के लक्षण को समझाते हुए कहा फाइलेरिया के सामान्यत: कोई लक्षण दिखाई नहीं देते बुखार हाथ पैर में दर्द या सूजन तथा पुरुषों के जननांग में व उसके आसपास दर्द या सूजन, पैरों में हाथों में सूजन और हाइड्रोसील आदि लक्षण दिखाई देते है।10 अगस्त से 28 अगस्त तक फाइलेरिया उन्नमुलन के तहत वृहत स्तर पर दवा वितरण का कार्य किया जाएगा।प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह राठौर ने बताया कि जब समुदाय के सभी लोग इन दवाओं का सेवन करेंगे तभी सुरक्षित रह पाएंगे एमडीए की दवा सरकार द्वारा साल में एक बार घर घर मुफ्त में दी जाती है किसी भी परेशानी की अवस्था में नजदीकी स्वास्थ्य से संपर्क करें एक साल से कम उम्र के बच्चों गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को यह दवाई नहीं खाना है।इस मौके पर गीता दोहरे,ओमप्रकाश,दिनेश,प्रदीप ,अवनीश समेत कई रहे।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स की मासिक बैठक का आयोजन




इटावा! मुख्य विकास अधिकारी प्रणिता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निपुण भारत व मध्यान्ह भोजन योजना की सतत निरीक्षण की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं यथा कायाकल्प, निपुण भारत, समेकित शिक्षा, दिव्यांग शौचालय ,कायाकल्प, स्वच्छ भारत मिशन तथा डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स द्वारा किए गए निरीक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए निरीक्षण आदि का कार्य समय से करते हुए आख्या उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की मूलभूत व्यवस्थाओं के साथ–साथ शिक्षा की गुणवत्ता को अवश्य परखें और उसको बढ़ाए जाने के लिए आवश्यक सुझाव भी अध्यापकों/प्रधानाध्यापकों के साथ साझा करें, जिससे बच्चे की नींव मजबूत हो और वह अपनी पढ़ाई को आसानी से पूरा कर सकें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों की विकासखंड वार सूची संबंधित खंड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराएं, जिससे शेष व्यवस्थाओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि जो विद्यालय अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारी समय–समय पर संज्ञान लेते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने दिव्यांग शौचालय एवं कायाकल्प में खराब प्रगति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें जल्द से जल्द प्रगति लाएं, साथ ही यह भी निर्देश दिए कि टीचर अटेंडेंस एवं स्टूडेंट अटेंडेंस बहुत ही कम पाई जा रही है, जिस पर उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि टीचर अनुपस्थित पाए जाने पर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने जसवंतनगर खंड शिक्षा अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर 1 दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए । बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ,जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बार एसोसियेशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

भरथना, इटावा! बार एसोसियेशन भरथना की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 4 अगस्त, 2023 दिन शुक्रवार को अपरान्ह 1 बजे तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता सभागार में सम्पन्न होगा।

उक्त आशय की जानकारी बार एसोसियेशन भरथना के प्रवक्ता एड0 सुधीर कुमार यादव ने देते हुए बताया कि बीते दिन एल्डर्स कमेटी भरथना के अध्यक्ष के0के0 गुप्ता, सदस्य सुभाष चन्द्र यादव, सुरेश चन्द्र यादव, राघवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रामपाल सिंह राठौर की देखरेख में सम्पन्न हुए एसोसियेशन के निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर विजयी महावीर सिंह यादव, महामंत्री श्रीकृष्ण निराला, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार सहित समस्त नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 4 अगस्त 2023 दिन शुक्रवार को अपरान्ह 1 बजे तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता सभागार में सम्पन्न होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव (एडवोकेट) व विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव, क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र गौतम (एडवोकेट) शिरकत करेगें।



## मौला अली की हुकूमत में कोई इंसान भूखा नहीं सोया - मौलाना जैदी

इटावा। स्थानीय पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में शादाब हसन की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में तमाम लोगों ने भाग लेकर गमे हुसैन मनाया। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने मजलिस में तकरीर करते हुए कहा मौला अली इंसाफ करते थे इसलिए उन्हें दुश्मने इस्लाम ने शहीद कर दिया। मौला अली की हुकूमत में हर इंसान के साथ इंसाफ किया और उनकी हुकूमत में कोई भूखा नहीं सोया। इमाम हुसैन ने कर्बला में 71 शहीदों की लाखें उठाकर थक गए थे। सबसे आखिर में हुसैन मैदान में गए और ऐसी जंग की कि दुश्मनों की फौज में हड़कम्प मच गया फ़ौज इधर उधर भागने लगे मगर दुश्मनों ने एकराय होकर हुसैन पर तीरों से हमला कर दिया और हुसैन का गला काट कर शहीद कर दिया। इतना ही नहीं हुसैन की लाश पर घोड़े भी दौड़ाए गए। मजलिस में तनवीर हसन, राहिल सगीर ने नोहा ख्वानी की। मजलिस में राहत अक़ील, सईद नक़वी, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन नक़वी, मो. मियां, तहसीन रजा, अश्शू, आदिल अख्तर गुड्डू, सफीर हैदर, सलमान रिज़वी, सलीम रज़ा, जहूर नक़वी, सोनू नक़वी, जीशान हैदर, शब्बर अक़ील सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। अंजुमने हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि 3 अगस्त दिन जुमेरात को रात 8:30 बजे मधुवन वाटिका के पास टीचर्स कालौनी में अली साबिर के मकान पर मजलिस होगी।

## किसानो की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

**माधव संदेश/आकाश**



फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। विकास खण्ड अछल्दा के गांव सल्हूपुर में स्थिति मिनी सचिवालय में जल उपलब्धता को लेकर किसानों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमे किसानो के खेतो में सिचाई के लिए पानी की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बुधवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में सिचाई खण्ड के सहायक अभियंता दिनेश चंद्र व रजवाह अध्यक्ष गिरधर भक्त मिश्र ने बैठक आयोजित कर किसानो की समस्या पूछी जिसमे किसानो ने बताया कि जल उपलब्धता को लेकर जल उपभोक्ता रजवाह समित की भुर भुर प्रसंसा की, किसानो ने कुलावा संख्या 35 की नाली तोड़े जाने की शिकाय की किसानो ने बताया कि नाली टूटने से हमारे खेतो तक पानी नही पहुच पारहा है। जिससे हम लोग फसल में पानी लगाने के लिए परेशान होना पड़ता है। तथा किसानो ने हफ्ता बंदी व ओसरा बंदी से पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग की। किसानो ने बताया कि पूर्व समय की भाती 40त्न सींच का क्षेत्रफल बढ़ गया फीर भी सिचाई हेतु पानी की उपलब्धता अभी पर्याप्त हो रही है। जिसपर रजवाह अध्यक्ष गिरधर भक्त मिश्र ने किसानो को आश्वासन दिया कि अति शीघ्र किसानों की समस्या को लेकर जिला अधिकारी महोदय से मिलकर समस्या का जल्द से जल्द निदान कराया जाएगा जिससे किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सके। इस मौके पर किसान मुलायम सिह, गजेंद्र सिह, लल्लन सिह, गणेश, सीनू, श्याम लाल, उमाशंकर, मोहित कुमार, भूपेंद्र, वीर पाल, दिनेश कुमार, भुल्लन सिह, हरिओम, राम अवतार जगराम मूरत सिंह हरनाम सिंह सुरेंद्र कुमार सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## समय परिवर्तन की मांग को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दिया ज्ञापन

**माधव संदेश/आकाश**



औरैया (ब्यूरो)। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यालय पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया जिसे खण्ड शिक्षा अधिकारी अवधेश सोनकर ने रिसीव किया।ज्ञापन में मुख्य समस्याओं में जुलाई में प्रोन्नत हुए शिक्षकों को चयन वेतन मान की संस्तुति की जाए, गर्मी व उमस को देखते हुए विद्यालयों का समय 7:30 से 12:30 किया जाए।समस्त परिषदीय शिक्षकों के बकाया एरियर शीघ्रातिशीघ्र प्रदान किए जाएं व मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत फल वितरण की धनराशि विगत 1 वर्ष से प्राप्त नहीं हुई है अत: फल वितरण की धनराशि शीघ्रातिशीघ्र पहुंचाई जाए।खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय से अनुमति लेकर शीघ्र ही समय परिवर्तन का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी ,जिला संरक्षक श्रीओम चतुर्वेदी, जिला महामंत्री पंकज तिवारी व ब्लॉक मंत्री सहार आशुतोष शुक्ला उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति छात्रावास के लिए करें आवेदन

माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव रायबरेली, 02 अगस्त 2023। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 वैभव त्रिपाठी ने बताया है कि विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, रायबरेली बाबू जगजीवन राम छात्रावास रायबरेली एवं राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बछरावां में सत्र 2023-24 हेतु रिक्त स्थान के सापेक्ष प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 04 अगस्त से 20 अगस्त 2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से सायं 05 बजे तक कार्यालय छात्रावास से प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## थाना मऊ पुलिस ने पुलिस मुजहमत के 02 आरोपी को किया गिरफ्तार अवैध खनन में प्रयुक्त जेसीबी मशीन व ट्रक्टर-ट्राली बरामद

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश**



चित्रकूट-पुलिस अधीक्षक चित्रकूट वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में थाना मऊ पुलिस ने अवैध खनन करने से रोकने पर पुलिस के साथ मारपीट एवं अभद्रता करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं 01 जेसीबी मशीन व 01 ट्रक्टर-ट्राली बरामद किया गया । उल्लेखनी है कि दिनाँक 31.07.2023 को थाना मऊ में सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम पूरब पताई के पास कुछ लोग सड़क किनारे अवैध रुप से मिट्टी का खनन कर रहे हैं, इस सूचना पर उ0नि0 रामकृत यादव अपने हमराही आरक्षी के साथ मौके पर पहुंचे एवं अवैध खनन करने से रोक तो खनन करवा रहे व्यक्तियों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुये मारपीट सुरु कर दी तथा कुछ समय पश्चात नायब तहसीलदार मऊ भी मौके पर पहुंच गये उक्त लोगों ने उनके साथ भी अभद्रता की । जिसके सम्बन्ध में थाने पर सूचना दी गयी तो उ0नि0 इद्रजीत गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जिन्हे देखकर 03 व्यक्ति मौके से भाग गये एवं अभियुक्त जगदीश पुत्र चन्द्रदेव निवासी बेलहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट 2. नीरज कुमार पाल पुत्र उदय राज निवासी देराबारी थाना लालापुर जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से जेसीबी रजि0 नं0 यूपी0 66 एटी 0461 व बिना नम्बर के ट्र्कर्टर-ट्राली जिसमें मिट्टी लदी हुयी थी बरामद की गयी । जगदीश व नीरज उपरोक्त आदि 05 नफर पंजीकृत किया गया है । बरामद जेसीबी एवं ट्रक्टर-ट्राली को एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज किया गया एवं खजिन अधिकारी को अग्रिम कार्यवाही हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गयी ।

# समय परिवर्तन की मांग को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दिया ज्ञापन

**माधव संदेश/आकाश**

## इटावा सांसद को रेल मंत्री से अंतिम अगस्त तक शताब्दी एक्सप्रेस का फफूंद स्टेशन पर ठहराव का मिला आश्वाशन

## फफूंद स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर रेलमंत्री से फिर मिले इटावा सांसद



**माधव संदेश/आकाश** दिबियापुर,औरैया (ब्यूरो)। इटावा लोक सभा क्षेत्र के भाजपा सांसद डा प्रो राम शंकर कठेरिया फफूंद स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव के लिए प्रयासरत है। मंगलवार को केंद्रीय रेल मंत्री से मिलकर इटावा सांसद ने बताया कि मेरे लोकसभा क्षेत्र इटावा/औरैया में स्थित एनटीपीसी और गेल जैसे बड़े कारखानों में बहुत बड़ी मात्रा में काम करने वाली अधिकतर कर्मचारियों को कानपुर और लखनऊ से प्रतिदिन आना जाना पड़ता है। कानपुर और लखनऊ आने जाने के लिए कोई भी अच्छी और सुविधाजनक एक्सप्रेस ट्रेन न होने के कारण यहां के व्यापारियों और कारखानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यहां के स्थानीय जनता और कर्मचारियों की काफी लंबे समय से मांग है की ट्रेन नंबर 12003/12004 लखनऊ नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव औरैया जिले के फफूंद रेलवे स्टेशन पर हो जाने से यहां के व्यापारियों और दिबियापुर में स्थित एनटीपीसी और गेल ,कारखानों में कार्य करने वाले लोगो को कानपुर और लखनऊ जाने में बड़ी सुविधा और राहत मिलने के साथ-साथ रेलवे राजस्व में भी काफी बढ़ोतरी हो सकेगी।उन्होंने रेलमंत्री से अनुरोध मांग पत्र देकर आग्रह किया कि स्थानीय जनता, व्यापारियों और कर्मचारियों की यात्रा संबंधित समस्या को दृष्टिगत रखते हुए ट्रेन नं.12003/12004 लखनऊ नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेसका ठहराव औरैया जिले के फफूंद रेलवे स्टेशन पर किया जाय। वही इटावा सांसद को रेलमंत्री ने शताब्दी के ठहराव का अंतिम अगस्त तक फफूंद रेलवे स्टेशन रोकने का आश्वाशन दिया।

## पुरानी पेंशन को लेकर जंतर मंतर पर गरजे शिक्षक यूटा के आह्वान पर जनपद के सैंकड़ों शिक्षकों ने किया प्रतिभाग

**माधव संदेश/आकाश**



औरैया (ब्यूरो)। पुरानी पेंशन की माँग को लेकर आंदोलित शिक्षकों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रभावी प्रदर्शन कर अपने हक के लिए सड़क पर संघर्ष करने का ऐलान किया। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर प्रदेशभर के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के अतिरिक्त शिक्षक संगठन यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के तत्वावधान में हजारों की संख्या में शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग किया। यूटा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक बाबू गुप्ता के नेतृत्व में *जनपद औरैया* से करीब 300 शिक्षकों ने धरनास्थल पर पहुंचकर अपनी मांग को बुलंद किया। प्रदर्शन के दौरान यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि नौकरियों में ठेकेदारी प्रथा बंद नहीं की तो देश की युवा पीढी का भविष्य संकटमय होगा। उन्होंने राष्ट्रीय वेतन आयोग के गठन की भी मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदेशभर के आंदोलनकारी शिक्षकों और कर्मचारियों को कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वीपी मिश्रा,महामंत्री प्रेमचंद,राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत,महासचिव अतुल मिश्रा सहित यूटा औरैया के जिला कोषाध्यक्ष विशाल पोरवाल ने संबोधित किया। इस दौरान जनपद से यूटा के जिला उपाध्यक्ष रोहित उपाध्याय,अवनीश राजपूत,वरुण कुमार,आशीष त्रिपाठी,दीपक गुप्ता,ओमकार गौतम,नरेंद्र कुशवाहा,पीयूष पोरवाल,प्रवीण त्रिपाठी,प्रदीप गुप्ता,शरद कुमार,पंकज कुमार,विपुल चौहान,प्रतिभान सेंगर,मुहीत सिद्दीकी, नेत्रपाल सेंगर,विजय वर्मा,आदित्य गुप्ता,रविकांत पोरवाल,प्रशांत चतुर्वेदी,शिवम पोरवाल,मयंक शाक्य आदि ने प्रतिभाग किया।

## डीएम के निर्देश पर विभिन्न विभागों का किया गया औचक निरीक्षण 40 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही



माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव रायबरेली, 02 अगस्त 2023। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जनपद के 18 विकास खण्डों में जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण निर्धारित बिन्दुओं पर कराया गया। नामित नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किये गये खण्ड स्तरीय 54 कार्यालयों में से कुल 40 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न कार्यालयों का इसी प्रकार नियमित निरीक्षण भविष्य में भी कराया जाता रहेगा।

# रायबरेली जनपद को फतेहपुर जनपद से जुड़ने वाले गंगा सेतु पुल निर्माण का कार्य हुआ आरंभ

## उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा हुसैनगंज जनसभा में हुई थी घोषणा




माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव सरेनी रायबरेली। बैरुआ रालपुर सरेनी जनपद रायबरेली के लोगों एवं बलखंडी घाट भिठौरा फतेहपुर जनपद के लोगों को आवागमन हेतु लंबा सफर तय करना पड़ता है व नाव से जोखिम उठाकर नदी पार कर आना जाना पड़ता था जिसके बाद लोकसभा चुनाव के दौरान 2019 में हुसैनगंज जनपद फतेहपुर में जनसभा संबोधन के दौरान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फतेहपुर जनपद को रायबरेली जनपद से जुड़ने के लिए एवं जोखिम उठाकर नाव से नदी पार कर रहे लोगों की समस्या का समाधान करते हुए बलखंडी घाट भिटौरा जनपद फतेहपुर से बैरुआ रालपुर सरेनी जनपद रायबरेली में गंगा सेतु पुल निर्माण किए जाने की घोषणा की थी जिसके बीते वर्षो के बाद अप्रैल 2023 को गंगा सेतु पुल निर्माण का कार्य बलखंडी घाट भिटौरा जनपद फतेहपुर से आरंभ हुआ इस गंगा सेतु पुल निर्माण से दोनों जनपदों के ग्रामीण गंगा तटीय क्षेत्रों का संपूर्ण विकास हो सकेगा साथ ही व्यवसाय में भी बढ़ोतरी होगी वही इस गंगा सेतु पुल निर्माण कार्य से प्रभावित रायबरेली जनपद फतेहपुर जनपद के लोगों में दिखी भारी खुशी साथ ही लोगों ने सरकार का आभार जताया लोगों ने कहा की इस सरकार ने जो भी कार्य किए हैं वह वाकई जनहित में हैं और इस सरकार में बिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों का भी संपूर्ण विकास हो रहा है जो अन्य सरकारों से सर्वोपरि है वही इस गंगा सेतु पुल निर्माण कार्य को पूर्ण करने की तिथि अप्रैल 2026 है।

## नरेंद्र कश्यप ने की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश** चित्रकूट- प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में एवं विधायक मऊ/ मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की उपस्थिति में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनपद में जिन संबंधित विभागों को शासन द्वारा राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है उसे शत-प्रतिशत कराएं क्योंकि प्रदेश का विकास बिना राजस्व के नहीं हो सकता राजस्व से ही पूरा प्रदेश चलता है इस क्षेत्र में इनकम कम है खनिज परिवहन वाणिज्य कर विभाग और प्रयास करें तो राजस्व काफी बढ़ सकता है वाणिज्यकर पर अधिक फोकस करने की जरूरत है, सभी अधिकारी मेहनत करके संभावनाओं को ढूंढें की प्रगति कैसे होगी प्रदेश के विकास को ध्यान में रखते हुए राजस्व को बढ़ाया जाए, उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को सख्त निर्देश दिए की जनपद में विद्युत व्यवस्था बाधित नहीं होना चाहिए इसके लिए निचले स्तर के अधिकारियों कर्मचारियों की समीक्षा करें अगर कहीं पर कोई कर्मचारी अधिकारी लापरवाही कर रहा है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए अगर सुधार नहीं हुआ तो मैं आप लोगों के खिलाफ कार्यवाही कराऊंगा यह जनपद आकांक्षी जिला में सरकार द्वारा घोषित किया गया है इस जनपद के विकास के लिए मुख्यमंत्री भी लगातार प्रयासरत हैं, यह धार्मिक क्षेत्र है पर्यटन तथा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कल ही मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में चित्रकूट के विकास के लिए 5 हजार करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिस प्रकार से प्रदेश सरकार विकास चाहती है उसी के अनुसार सभी अधिकारी कार्य करें पर्यटन के विकास कार्य की प्रगति धीमी है इसे बढ़ाया जाए नल से जल की जो योजना है यह भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें प्रगति कराकर चित्रकूट की जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए बुंदेलखंड में पहले से ही पेयजल की समस्या रही है आप लोग मानवीय दृष्टि अपनाते हुए लोगों को पेयजल उपलब्ध कराएं, किसानों की उपज कैसे बढ़े इसमें भी सभी संबंधित अधिकारी ध्यान दें किसान समृद्ध होगा तो प्रदेश व देश समृद्ध होगा विकास की संभावनाओं पर कार्य करें सरकार की योजनाओ का लाभ कैसे आम जनमानस को मिले सरकार हमेशा यही अपेक्षा करती है इसीलिए प्रत्येक माह कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा की जाती है कि विकास कार्य में प्रगति हो, उन्होंने कहा कि विकास कार्य में प्रदेश व देश में चित्रकूट जनपद नंबर एक पर कैसे आए इसमें सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे तभी जनपद में बेहतर विकास कार्य होंगे अधिकारी अपने दायित्वों के साथ अपने विभागीय कार्यों को बेहतर करें कि इस जनपद को सर्वश्रेष्ठ कैसे बनाया जाए हमारा लक्ष्य है कि केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाएं जनता के बीच कैसे पहुंचे उस पर कार्य किया जाए हम सब लोग एक टीम का हिस्सा है टीम भावना से कार्य करेंगे तो जनपद का विकास अवश्य होगा मैं सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से अपेक्षा करता हूं कि जनपद चित्रकूट को विकास कार्यों में नंबर एक पर लाना है। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए निराश्रित गोवंशो को शासकीय गौशालाओं पर शत प्रतिशत संरक्षित कराया जाए ताकि किसानों की फसलों का नुकसान न हो जो गौशाला निर्माणाधीन है उन्हें तत्काल पूर्ण कराएं तथा जो प्राइवेट गौशाला विभिन्न माध्यमों से चलाई जा रही हैं वह अब बंद क्यों है उनकी भी जांच कर संचालित कराएं, प्रभारी मंत्री ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सड़कों के निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए जनता को सुविधा मिले यह सरकार की मंशा है सेतुओ के निर्माण में प्रगति कराएं ।

# जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी/किसान मेला का आयोजन सम्पन्न




**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव रायबरेली,** 02 अगस्त 2023। कृषि सूचना तंत्र के सुद्धणीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं एक दिवसीय वृहद किसान मेला कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर जनपद रायबरेली के परिसर में मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली पूजा यादव के मुख्य आतिथ्य में उप कृषि निदेशक रायबरेली विनोद कुमार के संयोजन में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों से कृषि विविधिकरण अपनाते हुए कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्रो, पशुपालन, मत्स्य पालन श्री अन्न (मिलेट्स) के प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य, बिना रासायनिक खादो का प्रयोग करते हुए अन्न उत्पादन बढ़ाने हेतु बल दिया जिससे कम लागत में स्वास्थ्य वर्धक अनाज की पैदावार हो सके और मानव जीवन सुरक्षित एवं स्वस्थ रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पी0एम0 कुसुम योजना, किसान सम्मान निधि एवं फार्म मशीनरी बैंक के लाभार्थियो को अनुदान के चेक एवं चाभी तथा बाजरा, सावा, रागी के मिनीकिट्स वितरित किये गये।

उप कृषि निदेशक रायबरेली विनोद कुमार ने विभाग में चल रही पी0एम0 किसान योजना, पी0एम0 कुसुम योजना, फार्म मशीनरी बैंक, एफ0पी0ओ0 के सम्बन्ध में विस्तार से उपस्थित कृषको को समझाते हुए भरपूर लाभ लेने की अपील की जिससे की उनका आर्थिक उन्नयन हो सके। जिला कृषि अधिकारी रायबरेली अखिलेश पाण्डेय द्वारा जनपद में विभिन्न रासायनिक उर्वरकों यथा यूरिया, डी0ए0पी0 पोटाश की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में होने व किसी भी प्रकार के असुविधा होने पर सीधे विकास भवन में स्थित उनके कार्यालय में अवगत कराने हेतु कृषको को बताया। इस अवसर पर गोपाल सिंह चंदेल निदेशक आदर्श जीवन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी कंदरावा, श्री राम लखन सिंह इटौरा बुजुर्ग व श्री जग्गी प्रसाद ग्राम मिंयापुर प्रगतिशील कृषको द्वारा अपने कृषि सम्बन्धी दीर्घकालिक अनुभव बताते हुए कम लागत में भरपूर उत्पादन लेने गुर बताये। इस अवसर पर मृदा परीक्षण, कृषि रक्षा, पी0एम0 किसान सम्मान निधि सेल, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषक उत्पादन संगठन, निजी बीज उर्वरक विक्रेताओं के आकर्षक स्टॉल लगाए गए जो कृषकों की जिज्ञासा का केंद्र रहे। उक्त अवसर पर उपस्थित कृषको के मध्य कृषि सम्बन्धी प्रश्नोत्तरी आयोजित की गयी तथा विजयी कृषको को पुरस्कार दिये गये। गोष्ठी का संचालन अतुल पाण्डेय द्वारा एवं मेले के संयोजन में संदीप कुमार, आशुतोष दुबे,पंकज कुमार गुप्ता, पंकज कुमार शुक्ला, विश्वनाथ बी0टी0एम0, दिनेश पाल सलाहकार का सहयोग सराहनीय रहा। मेले में अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर डा0 आर0पी0एन0 सिंह, डा0 दीपक मिश्रा, डा0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह एवं डा0 आर0के0 कनौजिया तथा जिला कृषि अधिकारी रायबरेली अखिलेश पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# 950 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**माधव संदेश/ क्राइम**

**ब्यूरो दीपक राही**

रायबरेली अवैध मादक पदार्थ/द्रव्यों की बिक्री/तश्करी के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत दिनांक 02 अगस्त 2023 को थाना डीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव पुत्र केदारनाथ यादव निवासी रामनगर मजरे दिलावलपुर थाना डीह जनपद रायबरेली को 950 ग्राम अवैध गांजा के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिसके विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या-300/2023 धारा-8/20 एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

*नाम पता अभियुक्त:-*

धर्मेन्द्र यादव पुत्र केदारनाथ यादव निवासी रामनगर मजरे दिलावलपुर थाना डीह जनपद रायबरेली।

*बरामदगी-*

950 अवैध गांजा ।

*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-*

1. उप-निरीक्षक विनोद कुमार चौरसिया थाना डीह जनपद रायबरेली ।
2. आरक्षी सोहित कुमार थाना डीह जनपद रायबरेली ।
3. आरक्षी योगेश सिंह थाना डीह जनपद रायबरेली ।



## सपा नेता व फिल्म अभिनेत्री काजल निषाद का यातायात उल्लंघन पर चालान कटा

**संजय कुमार/माधव संदेश**



गोरखपुर। अभिनेत्री एवं सपा नेता काजल निषाद का बिना हेलमेट पहने बुलेट चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो को गोरखपुर यातायात पुलिस ने गम्भीरता से विचार करते हुए यातायात नियम के उल्लंघन पर उनका 1000 रुपये का चालान काट दिया है। जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर महानगर से समाजवादी पाटी की मेयर पद की प्रत्याशी रहीं काजल निषाद का बिना हेलमेट पहने सोशल मीडिया पर बुलेट चलाते का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो रामगढ़ताल क्षेत्र के एक अपार्टमेंट के पास का बताया जा रहा है। एसपी ट्रैफिक श्याम देव बिंद ने बताया कि वायरल वीडियो में काजल निषाद बिना हेलमेट पहने बुलेट चला रहीं हैं, जो यातायात नियम के खिलाफ है। इसपर 1000 रुपये का चालान काटा गया है।

## युवक/महिला मंगल दलों को खेल सामग्री किट का किया गया वितरण

**ग्रामीण स्तर पर खेल को प्रोत्साहन दिये जाने की जरूरत-सीडीओ**



**संजय कुमार –माधव संदेश** संत कबीर नगर 02 अगस्त 2023। मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार व सांसद प्रतिनिधि आनन्द त्रिपाठी जी की उपस्थित में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, संतकबीरनगर द्वारा युवक/महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री किट का वितरण विकास भवन स्थित जिला पंचायत रिसोर्स सेण्टर (डी0पी0आर0सी0) में आयोजित समारोह के अवसर पर किया गया।समारोह कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा युवक/महिला मंगल दलों के पदाधिकारी/सदस्यों को सम्बोधित करते हुए खेलों के प्रति ग्रामीण स्तर पर लोगों को जागरूक करने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान/ओपेन जिम का निर्माण कराये जाने हेतु भूमि चिन्हांकित कराने में सहयोग देने को कहा गया, ताकि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर खेल के मैदान/ओपेन जिम का निर्माण कराया जा सकें। कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अरूण कुमार पाण्डेय द्वारा कुल 162 युवक/महिला मंगल दलों जिसमें 31 युवक/81 महिला मंगल दल सम्मिलित है, को प्रोत्साहन सामग्री किट प्रदान की गयी तथा अन्य लोगों को खेल के प्रति जागरूक किया गया है। महिला मंगल दल प्रोत्साहन किट सामग्री में 05 बॉलीबाल 05 फुटबाल, 03 स्क्रीपिंग रोप, 01 एयर पम्प, 01 नेट एवं 02 बैग दिया गया। इसी प्रकार युवक मंगल दल प्रोत्साहन किट सामग्री में 05 फुटबाल, 05 बालीबॉल, 01 फिटनेस ट्यूब, 01 एयर पम्प, 01 नेट एवं 02 बैग दिया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक संजय कुमार नायक, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रमोद कुमार यादव, उपक्रीडा अधिकारी दिलीप कुमार, आदि उपस्थित रहे।


## मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित गंभीर धाराओं में केस

**संजय कुमार - माधव संदेश**




देवरिया –अजीत गौंड पुत्र त्रिलोकी निवासी ग्राम सिसवा थाना भटनी जनपद देवरिया जिसके द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ दिनांक 19.07.2023 को ग्राम सिसवा में गाटा सं0 068/0.247 हे0 की प्रारम्भिक पैमाइस के दौरान राजस्व टीमं के कार्य में बाधा डालते हुए , राजस्व अभिलेख खसरा व पड़ताली नक्शा फाड़ देना, लेखपालगण को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित करना,लाठी,डण्डा व धारदार हथियार से राजस्व टीम पर हमला करना व जान से मारने की धमकी देते हुए कृत किया गया था,क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी महोदय के पर्यवेक्षण व विवेचना थाना भटनी पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 178/23 धारा 147,323,332,427,353,504,506 भा0द0वि0 व 3(2) 5क स्ष्ट/स्ञ्ज.ष्टञ्ज. में वाछिंत अभियुक्त अजीत गौंड पुत्र त्रिलोकी निवासी ग्राम सिसवा थाना भटनी जनपद देवरिया को केवड़ा चौराहे के हनुमान मन्दिर निकट रेलवे स्टेशन भटनी के पास से भगने की फिराक में था कि वांछित अभियुक्त 01. अजीत गौंड पुत्र त्रिलोकी निवासी ग्राम सिसवा थाना भटनी जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर लिया गया।

## गुमशुदा बालिका को 24 घण्टा में किया गया सकुशल बरामद




**संजय कुमार - माधव संदेश** गोरखपुर –दिनांक 01.08.2023 को वादिनी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर उपस्थित होकर बताया गया कि उनकी लड़की उम्र करीब 09 वर्ष दिनांक 31.07.2023 को प्रात: 11.00 बजे से घर से कही बाहर चली गयी लेकिन शाम तक वापस नही आयी, काफी खोजबीन करने के बाद भी लड़की उपरोक्त नही मिली । उक्त सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 545/2023 धारा 3630 भा0द0सं0 पंजीकृत किया गया एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष कैम्पियरगंज के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 545/2023 धारा 363 भा0द0सं0 से सम्बन्धित गुमशुदा 09 वर्षीय बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनो को सुपुर्द किया गया ।

# आइकॉनिक बिल्डिंग के तौर पर हो वाराणसी और गोरखपुर के कमिश्नरी कार्यालयों की पहचानः मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी और गोरखपुर में नए कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट भवन के संबंध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया



**संजय कुमार –माधव संदेश** लखनऊ- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में वाराणसी और गोरखपुर में नए कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट भवन के संबंध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी और गोरखपुर के कमिश्नरी कार्यालयों की पहचान आइकॉनिक बिल्डिंग के तौर पर होनी चाहिए। इसको ध्यान में रखकर दोनों कार्यालयों की डिजाइन बनाएं। दोनों कमिश्नरी के भवनों में स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाई दे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए हमें सभी कार्यालयों को एक जगह पर लाना है। एकीकृत कमिश्नरी कार्यालय का उद्देश्य यह है इससे सभी विभागों की मॉनिटरिंग करने में आसानी होगी। एक छत के नीचे सभी कार्यालयों के होने से जनता को भटकना नहीं पड़ेगा। वाराणसी और गोरखपुर कमिश्नरी कार्यालयों को हमें एक मॉडल के तौर पर प्रस्तुत करना है। इससे जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों भवनों का निर्माण ऐसा हो जो व्यवहारिक लगे। कार्यालयों के लिए उतनी ही जमीन उपयोग में लें, जितनी आवश्यक हो। गोरखपुर और वाराणसी विकास प्राधिकरण इस बात का ध्यान रखें कि दोनों एकीकृत कार्यालयों में कॉन्फ्रेंस हॉल, ओपन ऑफिस, क्यूबिकल ऑफिस और स्टोरेज की व्यवस्था हो। साथ ही इन कार्यालयों में बैंक, जिम, कैफेटेरिया और पार्किंग की भी व्यवस्था रहे। कार्यालयों के बन जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से गोरखपुर और वाराणसी में सभी कार्यालयों को शिफ्ट करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों शहरों के विकास प्राधिकरण को निर्देश किया कि मण्डलीय कार्यालयों में वाणिज्यिक और सरकारी कार्यालयों को अलग-अलग रखें। उन्होंने कहा कि दोनों ही शहरों में ट्विन बिल्डिंग के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। इसमें एक में सभी सरकारी कार्यालय, जबकि दूसरे भवन का वाणिज्यिक उपयोग किया जाए। इसके अलावा नया भवन बनने के बाद जो भी कार्यालय खाली हों उनके शिफ्ट कराए गए कार्यालयों की खाली भूमि को 'मोनेटाइज' कर व्यवसायिक उपयोग में लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा की इस प्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बढ़ाया जाए। वाराणसी में भवन निर्माण और डिजाइन बनाने के लिए आईआईटी बीएचयू का भी सहयोग लिया जाए। अधिवक्ताओं के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था हो। जनता, अधिकारी कर्मचारी और अधिवक्ताओं की गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए और इनके लिए एंट्री एवं एग्जिट की अलग अलग व्यवस्था होनी चाहिए

## सीपीएस सांइस ओलपियाड में सुदिति ग्लोबल के छात्र उज्जवल ने किया बेहतरीन प्रदर्शन



फिरोजाबाद। सुदिति ग्लोबल अकादमी के कक्षा आठ के छात्र उज्जल गुप्ता ने सीपीएस साइंस ओलंपियाड में बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रथम चरण में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे चरण में पूरे भारत में 18 वीं रैंक प्राप्त की। यह कार्यक्रम लोक कला मंच नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। अवॉर्ड के तौर पर छात्र को प्रमाण पत्र व घड़ी देकर सम्मानित किया गया। एसवीडी के ओपन चेस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा सात की छात्रा तन्वीराज ने जिला स्तर शतरंज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र एवं पदक मिला। विद्यालय के संचालक किताब ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाना आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ कमल कौशिक ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नूंह घटना में मृतक और घायलों के परिजनों को आर्थिक मदद देने की मांग

### -राष्ट्रीय युवा वाहिनी गौ प्रकोष्ठ के पदाधिकरियों ने प्रधानमंत्री के संबोधित ज्ञापन सौंपा



फिरोजाबाद। हरियाण के जिला नूंह में भगवा यात्रा निकाले जाने के दौरान की गई पत्थरबाजी और गोलीबारी की घटना का सुहागनगरी में विरोध किया गया। बुधवार को हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हुए उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। बुधवार को राष्ट्रीय युवा वाहिनी गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. हर्देश शर्मा ने कहा कि हरियाणा के जिला नूंह में हिंदू संगठनो द्वारा भगवा यात्रा निकाली जा रही थी। जिसमें विशेष समुदाय के लोगों ने भगवा यात्रा पर पथराव, गोलाबारी की घटना को अंजाम दिया, जो घिनौना व निंदनीय कृत्य है। वहीं विशेष समुदाय के लोग पुलिस प्रशासन की मौजूदगी के बाबजूद भी हिंसक घटनाएं करते रहे। इस हिंसक कृत्य में दो होमगार्ड्स की मौत हो गई। दस से ज्यादा पुलिसकर्मी व आम नागरिक भी घायल हो गए है। वहीं हरियाणा के मानेसर, गुडगांव, सोहना, फरीदाबाद, पलवल जिले भी हिंसा की चपेट में आ गए है। हिंदू संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाण के मुख्यमंत्री से उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के साथ हिंदूओं को सुरक्षा प्रदान किये जाने की मांग की है। वहीं हिंसा में मृतक होमगार्ड्स के परिजनों को 50 लाख रूपये व घायलों को पांच-पांच लाख रूपये मुआवजा दिये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव विपिन वित्थरिया, आगरा मंडल अध्यक्ष सतीश बाबा चक, रूपेश भदौरिया, आचार्य अनूपकृष्ण राजौरिया, अवधेश चौहान, राजू चक, हिमांशु गर्ग, सीटू चक, सौरभ राठौर, उमेश बघेल, राजेश राठौर, अजीत राठौर, सत्यप्रकाश राठौर, श्यामवीर, सोनू, मुनेश, सचिन दीक्षित, राजकुमार राठौर आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के मध्य डिबेट , क्वीज , निबन्ध लेखन व खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित कर , बच्चों का करें सर्वांगीण विकास-डीएम



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आहुत की गयी। जिसमें जिलाधिकारी ने निपुण भारत मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प व गुणात्मक शिक्षा के साथ, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के मध्य डिबेट, क्वीज, निबन्ध लेखन व खेल प्रतियोगिता आयोजित कराए। उन्होने ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों में अवशेष अवस्थापना सुविधा सम्बन्धी कार्यों को पूरा कराए जाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डॉ उज्जवल कुमार ने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए कि बढ़तें हुए आई फ्लू को ध्यान में रखते हुए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों व वहां के प्रभारी चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित कर बच्चों की आंखों का चेकअप कराऐं और बच्चों के प्रति संवेदनशील रहें। क्लास में यदि किसी बच्चों को आई फ्लू है तो उसे सावधानियां बताते हुए कुछ समय का अवकाश दें, ताकि दूसरें बच्चों में आई फ्लू न होने पाए। उन्होने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अध्यापकों के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों को डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार सहित अन्य वैक्टर जनित रोगों से बचने के लिए जागरूक करें। बच्चों को बताया जाए कि इस मौसम में पानी को उबालकर पीए और साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय ने बिन्दुबार बेसिक शिक्षा के कार्य व योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। उन्होने दो विकास खण्ड में नवीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की स्थापना हेतु एसडीएम द्वारा निर्बाधित भूमि उपलब्ध कराऐ जाने पर राज्य परियोजना कार्यालय को प्रस्ताव उपलब्ध करा दिया है। अवशेष विकास खण्डों में भूमि उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित एसडीएम को निर्देशित किया है कि ताकि शासन को जल्द प्रस्ताव प्रेषित किया जा सके। उन्होने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रथम चरण में जिन विद्यालयों में चार से पांच शिक्षक कार्यरत है उनमें निपुण भारत मिशन के साथ-साथ छात्र छात्राओं को अतिरिक्त गतिविधियों जैसे क्वीज, निबन्ध लेखन, डिबेट, खेल आदि प्रतियोगिताऐं आयोजित कराऐ। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना अधिकारी प्रदीप पाण्डेय सहित सभी खण्ड शिक्षाधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## यातायात पुलिस ने सड़क पर खड़े वाहनों के कांटे चालान



फिरोजाबाद। सड़क पर अतिक्रमण से लगने वाले जाम को लेकर यातायात पुलिस सख्त है। बुधवार को यातायात पुलिस ने बस स्टेंड से सिनेमा चौराह तक फुटपाथ पर खड़े ठेल एवं खोमचे वालों को हटवाया। साथ ही सड़क पर खड़े दो पहिया वाहन को चालन भी काटे। यातायात पुलिस ने बस स्टेंड से लेकर सिनेमा चौराहे तक अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान यातायात पुलिस ने सड़क पर खड़े ठेले वालों हटवाया। साथ ही एचडीएफसी बैंक एवं एक्सीस बैंक के बाहर सड़क पर खड़े दो पहिया वाहनों के चालान काटे। वहीं दो पहिया वाहनों को क्रेन के माध्यम से उठाकर थाने पहुंचाया। उन्होंने बैंक मैंनेजरों से सड़क पर वाहन नहीं खडा कराने के निर्देश दिए। यातायात पुलिस की कार्रवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

## फिरोजाबाद सेवा समिति मेधावियों को करेंगी सम्मानित

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद सेवा समिति द्वारा 13 अगस्त को जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को पॉलीवाल हॉल में सम्मानित किया जायेगा। मुख्य संरक्षक मुकेश गुप्ता मामा व अध्यक्ष गौरव बंसल ने कहा कि जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को समिति द्वारा 13 अगस्त को पॉलीवाल हॉल में सम्मानित किया जायेगा। सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम प्रभारी सत्यवीर गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम में महापौर कामिनी राठौर, सदर विधायक मनीष असीजा, डॉ रिहान फारूख एफएच मेडीकल कॉलेज टूंडला मुख्य अतिथि रहेंगे। समिति सचिव असलम भोला ने बताया कि छात्र अंकतालिका की छाया प्रति चंद्रा बुक सेंटर, सच्चा बच्चा बुक सेंटर, स्टूडेंट फ्रेंडस बुक सेंटर, यश बुक सेंटर पर दस अगस्त तक जमा करा कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 अगस्त को -जनपद में 13.80 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े निकालने की दवा

फिरोजाबाद। जनपद में दस अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत एक से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोरों को पेट के कीड़े निकालने की दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी।

सीएमओ डॉ राम बदन ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशों के बाद जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 27 जुलाई को अंतर विभागीय बैठक में सीडीओ और जिलाधिकारी भी कृमि मुक्ति दिवस को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में करीब 13.80 लाख बच्चों तथा किशोरों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। एल्बेंडाजोल एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोरों को साल में दो बार खिलाई जाती है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के नोडल अधिकारी डॉ. फारुख अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर आशा कार्यकर्ता तथा एएनएम को तीन अगस्त, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चार अगस्त को तथा शिक्षकों को पांच और सात अगस्त को दवा खिलाने से संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर ड्यूलिस्ट तैयार करेंगी। दवा की उपलब्धता को लेकर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि दवा के सेवन से कोई बच्चा छूट नहीं पाए। उन्होने कहा कि पेट के कीड़े निकालने की दवा बच्चों एवं किशोरों को खाली पेट नहीं खिलाई जाती, इसलिए अभिभावक 10 अगस्त (राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस) को बच्चों को खाना खिला कर ही स्कूल भेजें। पेट में कीड़े होने से अक्सर बच्चे एनीमिया और कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। इस लिए साल में दो बार पेट के कीड़े निकालने की दवा स्वास्थ्य विभाग की ओर से खिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि यदि किसी बच्चे को गोली खाने के बाद कोई समस्या होती है तो बच्चों को खुले में लिटाएं और तुरंत आशा एएनएम को बुलवाकर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेजाकर उपचार कराएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को ठीक से पका हुआ खाना खाना चाहिए, शौच के बाद हाथ साबुन से धोएं, नाखून छोटे रखें।

## विश्वकप मैच की तारीख में बदलाव पर पीसीबी सहमत

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) दोनो ही देशों के बीच आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप मैच की तारीख में किये बदलाव पर सहमत हो गया है। भारत और पाक के बीच विश्व कप का ये महा मुकाबला अब तय समय से एक दिन पहले 14 अक्तूबर को अहमदाबाद में होगा। पहले ये 15 अक्टूबर को होना था पर नवरात्र को देखते हुए इसे सुरक्षा करणों से एक दिन पहले कर दिया गया है। पीसीबी ने आईसीसी और बीसीसीआई के इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति भी दे दी है। वहीं पाक टीम अब श्रीलंका के खिलाफ हैदराबाद में 12 अक्टूबर की बजाय 10 अक्टूबर को खेलेगी जिससे भारत के खिलाफ मैच से पहले तीन दिन का समय मिल जाएगा।

## मंधाना की द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट में आक्रामक बल्लेबाजी

**लंदन।** भारत की महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने यहां खेले जा रहे द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक लगाया है। स्मृति ने इसमें ट्रेंट रॉकेट्स के खिलाफ खेलते हुए सदर्न ब्रेव की ओर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में ही 55 रन बना दिये। स्मृति ने अपनी 55 रन की पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के लगाए। इस मैच में पारी की शुरुआत करते हुए इस सलामी बल्लेबाज ने आक्रामक रुख अपनाया। उसके साथ उतरी डेनियल वॉट ने भी 65 रन बनाये। इसके अलावा एम बाउचर ने 18 गेंदों में चार चौके और एक छक्के लगाकर 31 रन बनाए।

## शिवम की वापसी में धोनी की रही अहम भूमिका

**मुम्बई।** आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल ऑलराउंडर शिवम दुबे के करियर में आये आये बदलाव के पीछे भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धीनी। आईपीएल में धोनी की टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) में आने के बाद से ही शिवम की टीम इंडिया में वापसी हुई है। 25 साल के शिवम ने 2019 में ही भारतीय टीम की ओर से डेब्यू किया था पर वह शुरुआती चमक दिखाने के बाद निरंतरता की कमी के कारण टीम से बाहर हो गये थे। ऐसे में उन्हें साल 2020 में टीम से बाहर कर दिया गया था। शिवम का जादू फिर आईपीएल में चलना भी बंद हो गया। 2020 के सत्र के बाद रिलीज कर दिया था।

# इंडिया-पाकिस्तान वर्ल्ड कप मैच की तारीख बदली- 15 नहीं, 14 अक्टूबर को मुकाबला




**स्पोर्ट्स डेस्क।** वनडे वर्ल्ड कप में 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले की तारीख बदल दी गई है। यह मैच अब 14 अक्टूबर को खेला जाएगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड तारीख में बदलाव के लिए राजी हो गया है। श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान के मैच की तारीख भी बदली गई है। यह मैच 12 अक्टूबर को खेला जाना था। अब यह मुकाबला 10 अक्टूबर को होगा। इस बदलाव के चलते पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले 3 दिन का गैप मिल जाएगा। वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से खेला जाएगा और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने जून के आखिर में इसका शेड्यूल जारी किया था। दूसरी टीमों के कुछ मैच का समय भी बदला जा सकता है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिलजल्द ही नया शेड्यूल जारी करेगा। सुरक्षा एजेंसियों ने अहमदाबाद में 15 अक्टूबर को होने वाले मैच को लेकर चिंता जाहिर की थी। एजेंसियों ने कहा था कि इस तारीख को नवरात्रि का पहला दिन होगा। ऐसे में पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में दिक्कत हो सकती है। इसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिलऔर बीसीसीआई ने पाकिस्तान बोर्ड से संपर्क किया और 2 ग्रुप मैचों की तारीख बदलने पर बात की। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम की पिच स्पिन गेंदबाजों को मदद करती है और अफगानिस्तान की टीम में राशिद खान, नूर अहमद, मुजीब-उर-रहमान और मोहम्मद नबी जैसे शानदार स्पिनर्स हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान इसीलिए बेंगलुरु में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना चाहता था।

### भारत का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से

भारतीय टीम वर्ल्ड कप 2023 में अपने अभियान की शुरूआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से करेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह मुकाबला 8 अक्टूबर को खेला जाएगा। दोनों टीमें 8 अक्टूबर को चेन्नई में आमने-सामने होगी।

### वेन्यू बदलवाने की पाकिस्तान की मांग खारिज

पाकिस्तान 2023 वनडे वर्ल्ड कप में अपने दो लीग मैच की जगह बदलवाना चाहता था, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक आईसीसी और बीसीसीआई ने उसकी ये मांग खारिज कर दी है। मांग खारिज करने का आधार यह है कि पाकिस्तान ने यह नहीं बताया था कि वह वेन्यू क्यों बदलवाना चाहता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से जिन दो मैचों की जगह बदलने की गुजारिश की थी उनमें संभावित शेड्यूल के मुताबिक 20 अक्टूबर को बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होना था। दूसरा मैच 23 अक्टूबर को अफगानिस्तान के साथ चेन्नई में होना था। पाकिस्तान बेंगलुरु में अफगानिस्तान और चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना चाहता था। बीसीसीआई ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिलको वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ड्राफ्ट सौंप दिया है। हालांकि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की तरफ से यह फाइनल नहीं हुआ है। इस ड्राफ्ट के मुताबिक पाकिस्तान और भारत का मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है।

## गिल-किशन की वेस्टइंडीज में सबसे बड़ी भारतीय साझेदारी



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** भारत-वेस्टइंडीज वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला रिकॉर्ड ब्रेकिंग रहा। पोर्ट ऑफ स्पेन में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 200 रनों के बड़े अंतर से हराया। यह भारत की वेस्टइंडीज के खिलाफ उसी के घर में सबसे बड़ी जीत है। इतना ही नहीं, टीम इंडिया ने विंडीज से लगातार 13वीं वनडे सीरीज भी जीत ली है। टीम को आखिरी बार 2006 में हार मिली थी। शुभमन गिल और ईशान किशन के बीच तीसरे वनडे में 143 रन की पार्टनरशिप हुई। इसी के साथ गिल-किशन की जोड़ी वेस्टइंडीज में भारत की ओर से सबसे बड़ी पार्टनरशिप करने वाली भारतीय जोड़ी बन गई। दोनों ने युवराज सिंह और दिनेश कार्तिक का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों ने 2009 में 135 रन की पार्टनरशिप की थी। भारत ने तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ 351 रन बनाए। इसमें किसी भी बल्लेबाज ने सेंचुरी नहीं जमाई। ईशान किशन, शुभमन गिल, संजू सैमसन और हार्दिक पंड्या ने अर्धशतक लगाए। इसी के साथ टीम इंडिया ने बगैर सेंचुरी के वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। इससे पहले टीम ने 2005 में श्रीलंका के खिलाफ 50 रन बनाए थे, तब भी किसी प्लेयर ने शतक नहीं लगाया था। ईशान किशन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 3 वनडे में 50+ का स्कोर बनाया। अब ईशान किसी वनडे सीरीज के तीनों मैचों में 50+ रन बनाने वाले छठे भारतीय बन गए हैं। ईशान से पहले कृष्णमाचारी श्रीकांत, दिलीप वेंगसरकर, मोहम्मद अजहरुद्दीन, एमएस धोनी और श्रेयस अय्यर यह कारनामा कर चुके हैं। हालांकि वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐसा करने वाले ईशान पहले ही भारतीय बल्लेबाज बने।

## शार्दूल बोले- जगह बचाने के लिए नहीं खेलता- टीम को मुझ पर भरोसा, इसीलिए 2 साल में एक ही सीरीज मिस की




**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर ने कहा, मैं टीम में अपनी जगह बचाने के लिए नहीं खेलता। मेरा फोकस टीम के लिए परफॉर्म करने पर रहता है। टीम को भी मुझ पर भरोसा है, इसीलिए पिछले 2 साल से लगातार खेल रहा हूं और इतने टाइम में एक ही सीरीज नहीं खेल सका। अगर वर्ल्ड कप में नहीं भी चुना गया तो ये टीम का फैसला होगा, इसमें मैं कुछ नहीं कर सकता। शार्दूल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में 4 विकेट लिए। उन्होंने वनडे सीरीज 8 विकेट लेकर खत्म की। 'मैं कभी भी टीम में अपनी जगह बचाने के लिए नहीं खेलता। मैं इस माइंडसेट से कभी खेल ही नहीं सकता और मैं इस तरह का खिलाड़ी हूं भी नहीं। अगर वर्ल्ड कप टीम में मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ तो मैं उस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। मैं हमेशा टीम के लिए परफॉर्म करने पर ध्यान देता हूं, हर वक्त सिचुएशन के हिसाब से ही खेलता हूं।' 'खुशी हुई कि मैं सीरीज में 8 विकेट ले सका। क्रिकेटर के रूप में हम इस तरह के मौकों का इंतजार ही करते हैं। कभी आप सफल होते हो और कभी नहीं। में किसी भी सीरीज का हिस्सा रहूं मेरा कॉन्फिडेंस बढ़ता ही है, ये मुकाबले मेरा अनुभव ही बढ़ा रहे हैं।' 'मुझे लगता है कि मैंने पिछले 2 साल में शायद एक श्रीलंका के खिलाफ ही वनडे सीरीज मिस की है। मुझे नहीं पता तब सिलेक्शन क्यों नहीं हुआ, लेकिन पिछले 2 साल में सभी वनडे सीरीज में मैं टीम का हिस्सा रहा हूं। मुझे लगता है कि टीम को मुझसे कुछ उम्मीदें हैं, मैं परफॉर्म कर रहा हूं। टीम को भरोसा है, इसीलिए मैं टीम का हिस्सा भी हूं। 'अगर आप पिछले कुछ सालों की परफॉर्मेंस और टीम स्क्वॉड देखें तो हम बैटिंग की गहराई बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं। ऑलराउंडर के रूप में मेरा 8वें नंबर पर बैटिंग करना अहम हो जाता है। बैटिंग, बॉलिंग या फील्डिंग जिस भी फील्ड में मुझे परफॉर्म करने का मौका मिलता हैं, मैं सिचुएशन के हिसाब से परफॉर्मेंस पर ही ध्यान देता हूं।'

## भारत ने वेस्टइंडीज को 200 रनों से हराया- विंडीज में सबसे बड़ी जीत; 4 प्लेयर्स ने फिफ्टी लगाई


शुभमन गिल
85 रन

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत ने वनडे सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 200 रनों से हराया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने वनडे सीरीज भी जीत ली। टीम ने कैरेबियंस को 2-1 से हराया। भारत ने वेस्टइंडीज से लगातार 13वीं सीरीज जीती है। भारत ने टेस्ट सीरीज 1-0 से अपने नाम की थी। यह कैरेबियाई सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले, टीम इंडिया ने 2022 में वेस्टइंडीज को उसी के घर में 119 रन से हराया था। वनडे सीरीज जीतने के साथ टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप मिशन का बिगुल फूंक दिया है। निर्णायक मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने तीनों विभागों में दमदार प्रदर्शन किया। पोर्ट ऑफ स्पेन में भारतीय टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 351 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 35.3 ओवर में 151 रन पर ऑलआउट हो गई। तीसरे मुकाबले में टीम इंडिया बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग में वेस्टइंडीज से बेहतर दिखी। पिछले दो मुकाबलों में फ्लॉप रहे टीम के मिडिल ऑर्डर ने भी बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाई। पिछले 2 मैचों की तरह भारतीय ओपनर्स ने एक बार फिर टीम को मजबूत शुरुआत दी। गिल-किशन की जोड़ी ने 143 रनों की साझेदारी की। जिसकी बदौलत मिडिल ऑर्डर और ऑलराउंडर्स ने 350 रनों का पहाड़-सा स्कोर खड़ा किया।

## रियान पराग का दूसरा शतक, ईस्ट जोन ने वेस्ट जोन को 152 रन से हराया



**गोआ।** ऑलराउंडर रियान पराग की दूसरी शतकीय पारी की बदौलत ईस्ट जोन ने देवधर ट्रॉफी में वेस्ट जोन को 157 रन से हराया। वहीं एक अन्य मैच में नॉर्थ जोन ने नॉर्थ ईस्ट जोन को 9 विकेट से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ईस्ट जोन ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 319 रन बनाए। वहीं टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्ट जोन 162 रन पर ही सिमट गई। ईस्ट की ओर से रियान पराग ने 68 गेंदों में 102 रन की नाबाद पारी खेली। उनका टूर्नामेंट में यह दूसरा शतक है। इससे पहले उन्होंने टूर्नामेंट में नॉर्थ जोन के खिलाफ 102 गेंदों में 131 रनों की पारी खेली थी। पराग ने छठवें नंबर पर आकर 66 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी 102 रन की नाबाद पारी के दौरान 5 छक्के और 6 चौके जमाए। पराग ने कुशाग्र के साथ मिलकर छठवें विकेट के लिए 106 गेंदों में 150 रनों की पार्टनरशिप की। जिससे इस्ट जोन का स्कोर 319 रनों तक पहुंच गया। कुशाग्र ने 47 गेंदों पर 53 रन बनाए। इन दोनों के अलावा ओपनर अभिमन्यु ईश्वरन ने 38 और उत्कर्ष सिंह ने 50 रन बनाए। वहीं विराट सिंह ने 52 गेंदों पर 42 रन बनाए। वहीं वेस्ट जोन से ओपनर हार्विक देसाई के अलावा कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं पाया। देसाई ने 92 गेंदों पर 92 रन बनाए। उन्होंने 13 चौके और 2 छक्के भी जड़े। ईस्ट जोन के लिए मणिशंकर मुरासिंघ ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए।

## भारतीय फुटबॉल टीम घोषित- अंडर - 23 टीम के साथ जाएंगे सुनील छेत्री, झिंगन और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू




23 सितंबर से चीन में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबाल टीम का ऐलान हो गया है। एशियाड में अंडर-23 की टीम खेलेगी। इसमें टीम के साथ 3 सिनियर टीम प्लेयर्स को अनुमति है। इसमें भारतीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री, डिफेंडर संदेश झिंगन और गुरप्रीत सिंह संधू स्क्वाड का हिस्सा होंगे।वहीं, सीनियर टीम के क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक कोच रहेंगे। भारतीय मेंस और विमेंस फुटबॉल टीम को एशियाड के लिए भारत सरकार ने विशेष अनुमति दी है। भारतीय टीम को 2018 के एशियाड में खेलने की अनुमति नहीं मिली थी। खेल मंत्रालय का नियम कहता है कि टीम इवेंट में केवल एशिया टॉप -8 रैंक में शामिल टीमों को ही जाने की अनुमति मिलेगी। आखिरी बार टीम ने 2014 के एशियाड में हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट में 23 टीमें हैं, जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है. ग्रुप ए, बी, सी, ई और एफ में प्रत्येक में चार टीमें हैं जबकि ग्रुप डी में तीन टीमें हैं। भारत की मेंस टीम को ग्रुप ए में मेजबान चीन, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ रखा गया है। दो बार की एशियाड चैंपियन भारत नौ साल बाद पहली बार कॉन्टिनेंटल मल्टीस्पोर्ट के फुटबॉल गेम में भाग ले रहा है। क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में नेशनल टीम ने इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप जीतकर एक बार फिर फीफा रैंकिंग में टॉप-100 क्लब में प्रवेश किया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) अपने कप्तान सुनील छेत्री के नेतृत्व में एशियाई खेलों में अपनी पहली टीम भेजने को लेकर उत्साहित है।

# कारोबार

## रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 41 प्रतिशत घटा



**मुंबई।** रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 41 प्रतिशत घटकर 1.6 अरब डॉलर रहा। हालांकि तिमाही आधार पर इसमें 33 प्रतिशत वृद्धि हुई है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में इस क्षेत्र को मिले कुल संस्थागत निवेश में 92 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ विदेशी निवेशकों का दबदबा रहा, क्योंकि निवेशक भारत की वृद्धिगाथा को लेकर उत्साहित हैं। रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश पिछले साल जून तिमाही के दौरान 2.7 अरब डॉलर और इस साल जनवरी-मार्च अवधि में 1.2 अरब डॉलर था। वेस्टियन ने कहा कि भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने बाजार की अनिश्चितता के सामने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है। जून तिमाही के दौरान मार्च तिमाही की तुलना में संस्थागत निवेश में वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही के दौरान संस्थागत निवेश 1.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो उससे पहले की तिमाही के मुकाबले 33.3 प्रतिशत अधिक है।

## बीपीसीएल ने विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और ईंधन स्टेशनों पर समावेशन को बढ़ावा देने के लिए यूथ4जॉब्स के साथ साझेदारी की



**मुंबई।** ऊर्जा उद्योग में अग्रणी कंपनी बीपीसीएल कार्यस्थल में समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। समावेशी वातावरण बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, बीपीसीएल ने यूथ4जॉब्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है, जो युवाओं को सशक्त बनाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक अग्रणी संगठन है। इस साझेदारी का लक्ष्य पूरे भारत में 90+ बीपीसीएल ईंधन स्टेशनों पर 250 से अधिक विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों की तैनाती की सुविधा प्रदान करना है, जिसमें मुंबई, नवी मुंबई, पुणे, दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा, कोलकाता, हैदराबाद और बैंगलोर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विविध प्रतिभाओं को सशक्त बनाने के बीपीसीएल के प्रयासों में यह मील का पत्थर साबित होगा। हाल के अध्ययनों के अनुसार, भारत की शीर्ष कंपनियों में विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों की संख्या 1 प्रतिशत से भी कम है। ये आंकड़े कॉर्पोरेट क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों के लिए रोजगार के बेहद कम अवसरों का संकेत देते हैं। अपार क्षमता और कौशल वाले इस अप्रयुक्त प्रतिभा पूल की पहचान करते हुए, बीपीसीएल का लक्ष्य इन व्यक्तियों को सशक्त बनाना और कार्यबल में समान अवसरों को बढ़ावा देना है। पहल के शुभारंभ पर अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री जी. कृष्णकुमार ने कहा, ÷बीपीसीएल को इस पहल का नेतृत्व करने पर गर्व है, जो एक देखभाल करने वाला संगठन होने के हमारे ब्रांड के वादे के अनुरूप है। यूथ4जॉब्स के साथ साझेदारी करके, हमारा लक्ष्य एक सक्षम वातावरण बनाना है जहां हर व्यक्ति आगे बढ़ सके। इस सहयोग के तहत, यूथ4जॉब्स और बीपीसीएल चरण-दर-चरण नियुक्ति प्रक्रिया, विभिन्न विविधता प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से सकारात्मक और समावेशी प्रभाव पैदा करने के लिए मिलकर काम करेंगे। इस सशक्त ईंधन स्टेशन पर, टीम संचार के एक तरीके के रूप में हाथ के इशारों का उपयोग करते हुए, मूक आवाज़ों का उपयोग करके संचार करती है। समानता के सिद्धांतों को अपनाते हुए, स्टेशन एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देता है जो समानता को बढ़ावा देते हुए पहुंच, क्षमता, विश्वसनीयता, निर्भरता और जिम्मेदारी को समझता है। यूथ4जॉब्स एक सामाजिक उद्यम है जो कौशल विकास, रोजगार और समावेशी विकास के माध्यम से विकलांग युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम करता है।

## अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग कम व्हाइट हाउस नाराज

**नई दिल्ली।** विश्व की सबसे बड़ी इकोनॉमी अमेरिका को क्रेडिट एजेंसी फिच की ओर से तगड़ा झटका लगा है। फिच ने यूएस की क्रेडिट रेटिंग को एएए से कम करके एए प्लस कर दिया है। गौरतलब है अमेरिका पर कर्ज की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और दो महीने पहले देश में बड़ा कर्ज संकट देखने को मिला था। इसके बाद क्रेडिट रेटिंग ने इकोनॉमी के हालात को देखकर रेटिंग कम करने का फैसला किया है। फिच विश्व की तीन बड़ी स्वतंत्र एजेंसियों में से एक है जो अलग-अलग देशों की वित्तीय हालात को देखकर उन्हें रेटिंग देने का काम करती है। मई में अमेरिकी सरकार पर कर्ज का दबाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था। इसके बाद कर्ज की सीमा को बढ़ाने के लिए बाइडन सरकार और रिपब्लिकन पार्टी के बीच भारी खींचतान हुई थी। मगर बाद में दोनों पार्टियों के बीच समझौते के बाद देश की कर्ज सीमा को बढ़ाकर 31.4 ट्रिलियन डॉलर कर दिया गया था। इस राजनीतिक अस्थिरता और गतिरोध के कारण अमेरिका पहली बार डिफॉल्ट होने की कगार पर पहुंचा था। इसके बाद अमेरिकी सरकार में पैसे लगाने वालों के बीच नकारात्मक असर पड़ा है।

## एप्पल की रणनीति अपना सकती हैं कार कंपनी टेस्ला भारत में बड़े पैमाने पर निवेश की तैयारी



**नई दिल्ली।** अरबपति उद्योगपति एलन मस्क की लग्जरी कार कंपनी टेस्ला भारत में एक फैक्ट्री स्थापित करना चाहती है और इसके लिए यह भारत के साथ कई हफ्तों से बातचीत कर रही है। ऐसी उम्मीद हैं कि कंपनी भारत में प्लांट बनाकर यहां से स्थानीय बिक्री और निर्यात के लिए 24,000 डॉलर की कार बनाएगी। टेस्ला फाउंडर मस्क कंपनी के विदेश में सबसे बड़े बेस चीन से बढ़कर दूसरे देशों में भी फैक्टरियां खोलना चाहते हैं, लेकिन वहां, विस्तार के लिए रेगुलेटर्स की मंजूरी मिलने में देरी हो रही है। इसके बाद अगर टेस्ला भारत में एक प्लांट लगाती है और सस्ते इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लागत को नियंत्रण में रखती है, तब चीनी सप्लायर्स महत्वपूर्ण हो सकते हैं। भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों पर विशेष फोकस कर रही है। लेकिन, भारत में बैटरी सेल जैसे कंपोनेंट के लिए लोकल सप्लाई नहीं हैं, यहां तक कि भारत की सबसे बड़ी ईवी मैन्युफैक्चरर, टाटा मोटर्स भी इन्हें चीन से आयात करती है। हालांकि, भारत-चीन के तनावपूर्ण संबंधों से टेस्ला की चीनी सप्लायर्स को लाने की योजना में और मुश्किल आने का खतरा है। कर सकता है, लेकिन सरकार किसी भी कंपनी-विशिष्ट छूट के पक्ष में नहीं है।

## सिम्स अस्पताल ने कैंसर के कारणों और इलाज के बारे में जागरूकता पैदा करके वर्ल्ड लंग कैंसर डे मनाया



**अहमदाबाद।** मरेंगो सिम्स अस्पताल ने फेफड़ों के कैंसर की बीमारी के कारणों और इलाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ल्ड लंग कैंसर डे मनाया, जो इस साल 1 अगस्त को पड़ता है। ऑन्कोलॉजिस्टों ने फेफड़ों के कैंसर के जोखिम कारकों के बारे में विस्तार से बताया और सिगरेट पीने को इस कैंसर का सबसे बड़ा कारण बताया है। डॉक्टरों का उद्देश्य फेफड़ों के कैंसर के इलाज और उससे उबरने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है ताकि वे पहले की तरह जीवन का आनंद उठा सकें। फेफड़ों के कैंसर के लिए सिगरेट पीना सबसे आम जोखिम कारक माना जाता है। यह सभी फेफड़ों के कैंसर का 80 से 85 प्रतिशत कारण बनता है। धूम्रपान न करने वाले व्यक्ति की तुलना में धूम्रपान करने वाले व्यक्ति में फेफड़ों का कैंसर होने का जोखिम 10 से 30 गुना अधिक होता है। पाइप और सिगार सहित सभी प्रकार के धूम्रपान से फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। प्रतिदिन धूम्रपान करने वाली सिगरेट की संख्या और धूम्रपान करने के वर्षों की संख्या के साथ फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। मरेंगो सिम्स अस्पताल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एमडी डॉ. शिरीष अलुरकर ने बताया कि "रेडियेशन, रेडॉन और बायोमास ईंधन भी फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ाते हैं। जिम्मेदार औद्योगिक कारको में एस्बेस्टस, आर्सेनिक, रेडियेशन और कुछ रसायन हैं। निकल, क्रोमियम और अन्य धातुओं से निकलने वाली धूल और धुएं से भी फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।" फेफड़ों के कैंसर के सामान्य लक्षणों के बारे में विस्तार से बताते हुए, डॉ. शिरीष ने कहा कि विशिष्ट लक्षण खांसी, खांसी में खून, सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई और वजन कम होना हैं।

# सालभर के भीतर पाकिस्तान में हुए 18 आत्मघाती हमले



**इस्लामाबाद।** पडोसी देश पाकिस्तान में इस साल 18 आत्मघाती हमले हुए, इनमें 200 लोगों के मरने की मुष्टि की गई है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी की गई एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि देश में इस साल अब तक 18 आत्मघाती हमले हुए हैं, जिनमें कम से कम 200 लोगों की मौत हुई है और 450 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जबकि पिछले साल पाकिस्तान में 15 आत्मघाती हमले हुए थे। आत्मघाती हमलों की नवीनतम बढ़ोतरी ने पहले ही 2022 की तुलना में आत्मघाती हमलों की कुल संख्या को पार कर लिया है। पीआईसीएसएस रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के आदिवासी जिले रहे हैं, जहां 2023 में आधे आत्मघाती हमले हुए। यहां हुए 9 हमलों में लगभग 60 लोगों की जान चली गई, जबकि 150 से अधिक लोग घायल हो गए। गौरतलब है कि रविवार को केपी के बाजौर जिले में जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) कार्यकर्ता सम्मेलन में आत्मघाती हमले में 20 से ज्यादा नाबालिगों सहित 54 लोग मारे गए। इस रिपोर्ट में कहा गया कि खैबर पख्तूनख्वा को तबाही झेलनी पड़ी, चार आत्मघाती हमलों में 110 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 245 घायल हो गए। उस समय, पेशावर पुलिस लाइन पर हमला देश में सबसे घातक हमला था, जिसमें 100 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

# चीन में बाढ़ से मची तबाही, अब तक 20 लोगों की मौत



**बीजिंग।** इन दिनों चीन में बाढ़ ने भयंकर कहर मचा रखा है। राजधानी बीजिंग में तो हालात बेहद खराब हो गए हैं। राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश से अब तक 20 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग लापता हो गए हैं। हालांकि सरकार ने मंगलवार को बताया कि बाढ़ से सड़कें नष्ट हो गई, पेड़ उखड़ गए और बिजली गुल हो गई। बताया जाता है कि बीजिंग में आमतौर पर गर्मियां शुष्क होती हैं, लेकिन इस साल रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ी। अन्य क्षेत्रों, विशेष रूप से चीन के दक्षिण में भी गर्मियों में असामान्य रूप से भीषण बाढ़ का सामना करना पड़ा है। जिससे कई मौतें हुईं। वहीं देश के अन्य हिस्से सूखे से जूझ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बीजिंग के पश्चिमी छोर पर मेंटौगौ जिले में सड़कों पर पानी का बहाव इतना तेज था कि उसमें कारें बह गईं। एक निवासी लियू शुआनबाओ ने कहा कि सड़क पर खड़ी कारें तैर गई और बह गईं। उसके अपार्टमेंट के पीछे खड़ी कुछ कारें केवल एक मिनट में ही गायब हो गईं। राहत कार्य भी चलाया जा रहा है। यहां आपातकालीन कर्मचारियों नेसड़कों को साफ करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया, जबकि निवासी कीचड़ से गुजर रहे थे। मेंटौगौ के एक अन्य निवासी वू चांगपो ने कहा कि न तो अधिकारियों और न ही आम लोगों को उम्मीद थी कि इतनी भारी बारिश होगी। कई जगहों पर भूस्खलन हुए और गांवों में बाढ़ आ गई। जानकारी के अनुसार यहां ग्यारह लोगों की मौत की सूचना मिली है और अधिकारी 27 लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। वहीं राजधानी के पास के हेबेई प्रांत में नौ मौतें हुई हैं। राजधानी के फांगशान जिले में लगभग 60,000 घरों की बिजली गुल हो गई। बीजिंग के दक्षिण-पश्चिम में जुओझोउ में, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से लगभग 125,000 लोगों को आश्रयों में ले जाया गया।

# खोली चीन की पोल, करोड़ों के प्रोजेक्ट पर फिरा पानी



**वाशिंगटन।** इटली ने चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट की पोल खोलकर रख दी है। इससे एक ओर जहां अमेरिका की टक्कर में चीन ने खुद को खड़ा करने की कोशिश की थी, वहीं बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव यानी बीआरआई के जरिए दुनिया के कई देशों में करोड़ों डॉलर के प्रोजेक्ट पर पानी ?फिर गया है। बता दें कि पाकिस्तान में शुरु हुए बीआरआई के प्रोजेक्ट सीपीईसी के दस साल पूरे हो गए हैं। दोनों मुल्क इसका जश्न भी मना रहे हैं। लेकिन इसी जश्न में इटली ने पलीता लगा दिया है और चीन के बीआरआई की हकीकत सामने ला दी है। गौर करने वाली बात ये है कि इटली यूरोप का एकलौता देश है जो चीन के इस प्रोजेक्ट में शामिल हुआ था। इटली के रक्षा मंत्री गोइदो प्रोस्टो ने एक इंटरव्यू में कहा है कि चीन के इस फैसले में शामिल होना तबाह करने वाला फैसला था। उन्होंने कहा कि ये फैसला जल्दबाजी में ले लिया गया था। इटली के डिफेंस मिनिस्टर ने ऐसा कहने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा कि इस फैसले से चीन को तो फायदा मिला और उनका निर्यात हमारे यहां काफई बढ़ गया। लेकिन मुझे एक्सपोर्ट का फायदा नहीं मिल सका। इटली के नेता ने एक इंटरव्यू में कहा कि नए सिल्क रोड में शामिल होने का फैसला जल्दबाजी में लिया गया। ये तबाह करने वाला कदम था। उनका ये बयान चीन से उलट है। गौरतलब है ?कि पिछले दिनों चीन ने कहा था कि बीआरआई से दोनों देशों को लाभ हो रहा है। दरअसल, इटली अब चीन के इस प्रोजेक्ट से बाहर होना चाहता है। हालकि पाकिस्तान और चीन ने महत्वाकांक्षी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाने और काम में तेजी लाने के लिए छह महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। सीपीईसी के 10 साल पूरे होने पर आयोजित हस्ताक्षर समारोह के दौरान मौजूद थे।

# पाकिस्तान बोला- भारत का पड़ोसी देशों की तरफ आक्रामक रवैया- पश्चिमी देशों का चहेता बताया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की उप-विदेश मंत्री हिना रब्बानी ने भारत पर पड़ोसी देशों की तरफ युद्ध वाला रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान गवर्नेंस फोरम 2023 को संबोधित करते हुए रब्बानी ने भारत को पश्चिमी देशों का चहेता भी बताया। उन्होंने कहा- भारत ने पश्चिमी देशों का खास बने रहने का फैसला किया है लेकिन वो अपने पड़ोसी देशों को लेकर बहुत आक्रामक रहता है। रब्बानी के मुताबिक, भारत दूसरे देशों के साथ खुली सोच रखता है लेकिन पाकिस्तान के मामले में ऐसा नहीं है। भारत अपने पड़ोसियों को लेकर काफी छोटी-सोच रखता है।

## मंत्री रब्बानी बोलीं- चीन से रिश्ते मजबूत

पाकिस्तान की उप विदेश मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान चीन की तारीफ की। उन्होंने कहा- पाकिस्तान काफी अच्छा कर रहा है। हमारे रिश्ते चीन के साथ काफी बेहतर हैं। हमारे आर्थिक संबंध भी मजबूत है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक रब्बानी अपने भाषण में अमेरिका के साथ भारत के मजबूत होते रिश्ते और चीन-पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव की बात कर रही थीं। पाकिस्तान को लेकर भारत ने अपना पक्ष हमेशा साफ रखा है। भारत ने हर बार यही कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तभी मुमकिन है जब वो आतंकियों को पनाह देना बंद करेगा। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने सोमवार को कहा था कि वो भारत से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। शरीफ ने कहा था- हम अपने उस पड़ोसी से भी बातचीत करना चाहते हैं, जिसके साथ हमने तीन जंग लड़ीं। जरूरी ये है कि बहुत गंभीर मुद्दों पर सामने वाला भी उतनी ही गंभीरता से बातचीत करे। शाहबाज ने कहा था- जंग से किसी मसले का हल नहीं निकल सकता। दोनों मुल्क एटमी ताकत हैं। अगर ऐसी कोई जंग हुई तो ये बताने के लिए कोई नहीं बचेगा कि आखिर हुआ क्या था। हम अपने हर पड़ोसी के साथ चर्चा करने चाहते हैं। पाकिस्तान कभी किसी के खिलाफ किसी गलत चीज या साजिश को बढ़ावा नहीं देता है। पाकिस्तान पर बयानबाजी करते हैं, जिसे बंद करने की जरूरत है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था- जरूरत पड़ने पर एलओसी पार करेगी सेना

इससे पहले 26 जुलाई को कारगिल दिवस के मौके पर द्रास में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि 1999 को कारगिल युद्ध जीतने के बाद भी सेना ने एलओसी पार नहीं की क्योंकि भारत एक शांतिप्रिय देश है। हम अपने सदियों पुराने मूल्यों में विश्वास रखते हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हमने तब ऐसा नहीं किया इसका मतलब यह नहीं कि हम अब भी स्पष्ट पार नहीं कर सकते थे। हम ऐसा कर सकते थे, कर सकते हैं और जरूरत पड़ी तो ऐसा करेंगे भी। उन्होंने ये भी कहा था कि जनता को युद्ध के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। इस पर पाकिस्तान की प्रतिक्रिया भी सामने आई थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने प्रेस रिलीज में कहा था- हम लद्दाख में दिए गए भारत के रक्षा मंत्री के बयान की निंदा करते हैं। भारत को इस मामले में खास तौर पर सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि उनके ऐसे बयान क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा है। इससे साउथ एशिया में रणनीतिक माहौल खराब हो सकता है। सैन्य अधिकारी ने पाक अधिकृत कश्मीर और गिलगिट-बाल्टिस्तान को लेकर इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया है।

# ईरान में 2 दिन का टोटल शटडाउन-पारा 50 डिग्री पार पहुंचा, हीट स्ट्रोक का खतरा; कई शहरों में बिजली कटौती



**तहरान।** ईरान में तेज गर्मी के चलते पहली बार 2 दिन का टोटल शटडाउन घोषित कर दिया गया है। ईरान की सरकार ने सभी कार्यालय, स्कूल और बैंक बंद रखने का फैसला सुनाया है। ईरान में तापमान 123 डिग्री फैरेनहाइट यानी 50 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को हीट स्ट्रोक का खतरा बताते हुए घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। सरकारी प्रवक्ता अली बहादुरी-जहरोमी ने बताया कि सभी अस्पतालों को हाई-अलर्ट पर रखा गया है। साउथ-ईस्ट के प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान में, बढ़ते तापमान और धूल भरी आंधियों की वजह से हाल ही में करीब 1 हजार लोगों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि इस साल ईरान में बिजली का इस्तेमाल रिकॉर्ड लेवल तक पहुंचने के आसार हैं, क्योंकि लोग AC का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। ईरान में अब तक 2 पावर प्लांट ग्रिड से बाहर हो चुके हैं और कई शहरों में बिजली कटौती भी हो रही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ईरान में बिजली संकट गहरा सकता है। यहां इलेक्ट्रिसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर बेहद पुराना हो चुका है। इसे सुधार के लिए विदेशी निवेश की जरूरत है। हालांकि, अमेरिका की तरफ से लगाई गई पाबंदियों की वजह से ये मदद मिलना फिलहाल नामुमकिन है। ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में ईरान मेंस बिजली संकट को देखते हुए शटडाउन बढ़ाया जा सकता है। इससे पहले पिछले साल इराक ने अपने नागरिकों को 125 डिग्री तापमान से बचाने के लिए सार्वजनिक छुट्टियां बढ़ा दी थीं।

# यूक्रेन जंग जायज ठहराने के लिए रूस का नया हथकंडा




**यूक्रेन।** पर हमलों को जायज ठहराने के लिए रूस अब ऑनलाइन वीडियो गेम्स का भी सहारा ले रहा है। माइक्रोसॉफ्ट की गेम माइनक्राफ्ट में रूस के गेमर्स ने यूक्रेन के शहर सोलेडर पर कब्जा करने वाला गेम बनाया है। सोलेडर पर रूसी सेना ने जनवरी में कब्जा कर लिया था। माइनक्राफ्ट पर रूसी ध्वज के साथ एक ध्वजस्तंभ का निर्माण सीखने के लिए एक वीडियो भी बनाया गया है। इसमें यूक्रेन के लुहांस्क शहर पर रूसी झंडा दिखाया गया है। लुहांस्क पर रूस ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। माइनक्राफ्ट के अलावा मल्टीप्लेयर गेम वर्ल्ड ऑफ टैंक्स में नाजी जर्मनी की हार की 78वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मॉस्को में सोवियत संघ के टैंकों की परेड को दर्शाने के लिए बनाया गया। लोकप्रिय गेमिंग प्लेटफॉर्म रोब्लॉक्स पर, गेमर ने रूस दिवस मनाने के लिए जून में आंतरिक मंत्रालय बलों की एक शृंखला बनाई।

# डोनाल्ड ट्रम्प पर 5 महीने में तीसरा क्रिमिनल केस




**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में हुई हिंसा के मामले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर क्रिमिनल केस दर्ज किया गया है। उन पर 2020 का चुनाव पलटने की कोशिश के आरोप लगे हैं। इसी के साथ पिछले 5 महीनों में ये तीसरा केस है, जिसमें ट्रम्प पर क्रिमिनल चार्ज लगाए गए हैं। कैपिटल हिंसा मामले में ट्रम्प पर 4 आरोप लगाए गए हैं। इनमें देश को धोखा देने की कोशिश, सरकारी कामकाज में बाधा डालने की साजिश और जनता के अधिकारों के खिलाफ साजिश रचने जैसे आरोप हैं। इस मामले में सुनवाई के लिए ट्रम्प गुरुवार यानी 3 अगस्त को वॉशिंगटन में फेडरल कोर्ट हाउस में पेश होंगे। 2020 के अमेरिकी चुनाव के परिणामों को पलटने के ट्रम्प की कोशिशों की जांच कर रहे जस्टिस डिपार्टमेंट के स्पेशल काउंसिल जैक स्मिथ ने 45 पेज की चार्जशीट दायर की है। ट्रम्प पर जो आरोप लगाए गए हैं, उनमें से 2 चार्ज में जेल जाने का भी प्रावधान है।

# 91 बच्चियों से रेप का आरोपी गिरफ्तार- सभी लड़कियों की उम्र 10 साल से कम, 9 साल बाद पुलिस को कामयाबी



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने 25 साल में 1623 यौन अपराध करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 45 साल के इस आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। सिर्फ इतना बताया गया है कि वो देश के तीन शहरों में चाइल्ड केयर ऑफिसर रहा। आरोपी ने 91 बच्चियों से रेप किया। ऑस्ट्रेलिया के कानून के मुताबिक- आरोपी के खिलाफ अलग-अलग कैटेगरी में आरोप दर्ज किए गए हैं।

## चाइल्ड केयर एक्सपर्ट है आरोपी

- ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की अलग-अलग रिपोर्ट्स में इस स्कैंडल की जानकारी दी गई है। इनके मुताबिक- आरोपी के खिलाफ कुल मिलाकर 1623 सेक्स क्राइम्स दर्ज किए गए हैं। इनमें चाइल्ड केयर की 91 बच्चियों से रेप का आरोप भी शामिल है। इन सभी विक्टिम्स की उम्र 10 साल से कम है।
- अलग-अलग सेक्स ऑफेंस (यौन अपराध) कैटेगरी में दर्ज केसेज के मुताबिक- इस पूर्व चाइल्ड केयर ऑफिसर ने कुल मिलाकर 246 बार रेप किया। इस दौरान 613 चाइल्ड पोर्न वीडियो बनाए।
- पुलिस के मुताबिक- ये सभी क्राइम्स 2007 से 2022 के बीच तीन शहरों के 12 चाइल्ड केयर सेंटर्स में अंजाम दिए गए। बात ये है कि आरोपी के खिलाफ चाइल्ड केयर एक्सपर्ट का लाइसेंस भी था और इसी आधार पर उसे इन सेंटर्स में नौकरी भी आसानी से मिलती रही।
- पुलिस ने आरोपी के पास से हजारों चाइल्ड पोर्न वीडियो बरामद किए हैं। इसके अलावा कुछ फोटोज भी हैं। ये सभी डार्क वेब पर बेचे भी गए थे।
- पुलिस को भरोसा है कि वो न इन सभी बच्चों की पहचान कर लेगी, बल्कि उनके और उनके पेरेंट्स के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है कि सभी बच्चों का पता लगाना बेहद मुश्किल साबित हो सकता है, क्योंकि इनमें से कई ऐसे हैं जो अब पेरेंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया से किसी दूसरे देश में शिफ्ट हो गए हैं।

# कवच की स्थापना और सुरक्षा सुविधाओं के संबंध निविदा दी गई है-रेल मंत्री



**नई दिल्ली।** कवच स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है। कवच एक अत्यधिक प्रौद्योगिकी गहन प्रणाली है, जिसके लिए उच्चतम स्तर के सुरक्षा प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है। यदि लोको पायलट ऐसा करने में विफल रहता है तो कवच स्वचालित ब्रेक लगाकर लोको पायलट को निर्दिष्ट गति सीमा के भीतर ट्रेन चलाने में सहायता करता है और खराब मौसम के दौरान ट्रेन को सुरक्षित रूप से चलाने में भी मदद करता है। यात्री ट्रेनों पर पहला फील्ड परीक्षण फरवरी 2016 में शुरू किया गया था। प्राप्त अनुभव और तीसरे पक्ष (स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकनकर्ता- आईएसए) द्वारा सिस्टम के स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकन के आधार पर, आपूर्ति के लिए 2018-19 में तीन फर्मों को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद कवच को जुलाई 2020 में राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में अपनाया गया। कवच को अब तक दक्षिण मध्य रेलवे के तेलंगाना (684 किलोमीटर), आंध्र प्रदेश (66 किलोमीटर), कर्नाटक (117 किलोमीटर) और महाराष्ट्र (598 किलोमीटर) पर 1465 रूट किमी और 121 लोकोमोटिव (इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट रेक सहित) पर तैनात किया गया है। दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा कॉरिडोर (लगभग 3000 रूट किमी) के लिए कवच टेंडर दिए गए हैं और पश्चिम बंगाल (229 किमी), झारखंड (193 किमी), बिहार (227 किमी), उत्तर प्रदेश (943 किमी) में इन मार्गों पर काम जारी है। , दिल्ली (30 किमी), हरियाणा (81 किमी), राजस्थान (425 किमी), मध्य प्रदेश (216 किमी), गुजरात (526 किमी), महाराष्ट्र (84 किमी)। भारतीय रेलवे अन्य 6000 किमी रूट के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और विस्तृत अनुमान तैयार कर रहा है। लोकसभा में बताते हुए रेल अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में तीन भारतीय ओईएम हैं जिन्हें कवच के लिए मंजूरी दी गई है। कवच की क्षमता बढ़ाने और कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए और अधिक विक्रेताओं को विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कवच के स्टेशन उपकरण सहित ट्रैक साइड के प्रावधान की लागत लगभग ? 50 लाख/किमी है और लोको पर कवच उपकरण के प्रावधान की लागत लगभग ? 70 लाख/किमी है। कवच कार्यान्वयन पर अब तक खर्च की गई राशि ? 351.91 करोड़ है।

# 2000 साल पुराने रोमन जहाज का मलबा मिला

**रोम।** इटली के रोम के उत्तर पश्चिम में लगभग 80 किमी दूर सिविटावेचिया बंदरगाह के पास दो हजार साल पुराने रोमन जहाज का मलबा पाया गया। काराबेनियरी पुलिस के आर्ट स्क्वाड ने इसकी खोज की है। मिट्टी के ज्यादातर बर्तन समुद्र की गहराई में अपनी ठीक स्थिति में पाए गए हैं। इसकी जांच के दौरान उस पर सैकड़ों रोमन टेराकोटा जार मिले हैं। इनका मिलना एक प्राचीन समुद्री ट्रेड रूट पर प्रकाश डालता है। अनुमान के मुताबिक यह जहाज 20 मीटर लंबा है। तल से 160 मीटर नीचे यह जहाज डूबा हुआ मिला।

# अफ्रीका की सहारा डेजर्ट में मिला बूमरैंग उल्कापिंड- 10 हजार साल पहले पृथ्वी से स्पेस में छोड़ा गया था, वजन 0.6 किलोग्राम



**वॉशिंगटन।** एस्ट्रोनॉमर्स को अफ्रीका की सहारा डेजर्ट में पहली बार 'बूमरैंग' उल्कापिंड मिला है। साइंटिस्ट्स का कहना है कि पृथ्वी से एक उल्कापिंड स्पेस में छोड़ा गया था, जो 10 हजार साल बाद धरती पर लौटा है। इसलिए इसे 'बूमरैंग मेटियोराइट' कहा जा रहा है। इस उल्कापिंड का नाम NWA 13188 है। फ्रांस की ऐक्स-मार्सिले यूनिवर्सिटी में इस पर रिसर्च हुई। इसमें हमारे ग्रह से जुड़ी विशेषताएं मिलीं। रिसर्च के मुताबिक, NWA 13188 पृथ्वी के क्रस्ट (पृथ्वी की सतह का सबसे उपरी परत) और वॉल्कैनिक रॉक से बना है।

## उल्कापिंड है या नहीं इस पर बहस छिड़ी

- कुछ साइंटिस्ट NWA 13188 को उल्कापिंड नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि इसमें एल्यूमीनियम युक्त खनिज- प्लाजियोक्लेज और एक गहरे रंग का खनिज- पाइरोक्सिन मौजूद है। इसलिए ये स्पेस रॉक मेटियोराइट नहीं है।
- इसको लेकर बहस छिड़ी है। वहीं, अन्य साइंटिस्ट का कहना है कि उल्कापिंड में मिले कुछ तत्व लाइट फॉर्म में बदले हैं, ये सिर्फ तभी संभव है जब कोई रॉक स्पेस की कॉस्मिक रे के संपर्क में आता है।
- रिसर्चर जेरोम गट्टासेका ने कहा- हमें NWA 13188 फ्यूजन क्रस्ट कोटिंग भी मिली है। ये कोटिंग तब बनती है जब उल्कापिंड पृथ्वी के वायुमंडल से होकर जमीन की ओर बढ़ते हैं। इसलिए हम इसे उल्कापिंड ही मान रहे हैं। उल्कापिंड को एस्टेरॉयड भी कहा जाता है।
- ज्यादातर एस्टेरॉयड बहुत छोटे होते हैं और वे पृथ्वी के वातावरण में आते ही उसके घर्षण से खत्म हो जाते हैं और इनके बारे में हमें पता भी नहीं चल पता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जिनके गिरने से कई बड़े गड्ढे तक बन जाते हैं।
- करोड़ों साल पहले पृथ्वी पर से डायनासोर का खात्मा भी एस्टेरॉयड के टकराने की वजह से ही हुआ था। भरकम एस्टेरॉयड के टकराने से विशालकाय डायनासोर लुप्त हो सकते हैं तो फिर एक दूसरी टक्कर से पृथ्वी पर जीवन भी नष्ट हो सकता है।

# सामाजिक रिश्ते निभाना सेहत में अच्छे इन्वेस्टमेंट की तरह है- पड़ोसियों से बातें करते रहिए



**लंदन/न्यूयॉर्क।** व्यस्तता के चलते इन दिनों लोग घर या वर्कप्लेस में सिमटकर रह गए हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि लोग सामाजिक रूप से अलग-थलग हो गए। 'चैरिटी टू एंड लोनलीनेस' कैंपेन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में 40 लाख लोग लंबे समय से अकेलेपन से जूझ रहे हैं। एक्सपर्ट कहते हैं- इस समस्या से निपटने का सबसे बेहतर तरीका बातचीत करना है। पड़ोस में रहने वालों से सकारात्मक चर्चा से शारीरिक और भावनात्मक फायदे तो मिलते ही हैं, सामाजिक दायरा भी मजबूत होता है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के इरविंग मेडिकल सेंटर में मनोचिकित्सक केली हार्डिंग कहती हैं- सामाजिक रिश्तों को बनाए रखना सेहत में निवेश की तरह है। ब्रिटिश वैज्ञानिक डॉ. माइकल मोस्ले कहते हैं- पड़ोसी या अजनबी से बात करने से उनकी और आपकी मानसिक सेहत पर सकारात्मक असर पड़ता है। मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी में रिलेशनशिप एक्सपर्ट प्रो. पामेला क्वाल्टर कहती हैं- पड़ोसियों की मदद करना अकेलेपन को कम करने का शक्तिशाली तरीका है। प्रो. क्वाल्टर के निर्देशन में हुई एक स्टडी के तहत लोगों को महीनेभर तक, हफ्ते में एक बार पड़ोसी के लिए कोई मदद या काम करना था।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।